सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
04.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 85 | * * नगर संस्करण। पेज : 12

## मां का दूसरा स्वरूप
## ब्रह्मचारिणी



**गौरवर्णा स्वाधिष्ठानस्थिता
द्वितीय दुर्गा त्रिनेत्राम।
धवल परिधाना ब्रह्मरूपा
पुष्पालंकार भूषिताम।।**

नवरात्र के दूसरे दिन मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। इनकी पूजा से तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है। देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना से जीवन के कठिन समय मे भी उसका मन कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता है। देवी अपने साधकों की मलिनता, दुर्गणों व दोषों को खत्म करती है। देवी की कृपा से सर्वत्र सिद्धि तथा विजय की प्राप्ति होती है। देवी ब्रह्मचारिणी का स्वरूप ज्योर्तिमय है। इसके अलावा हर तरह की परेशानियां भी खत्म होती हैं। भगवान शिव से विवाह हेतु प्रतिज्ञाबद्ध होने के कारण ये ब्रह्मचारिणी कहलायीं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या व चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। देवी ब्रह्मचारिणी के दाहिने हाथ मे जप की माला है, बाएं हाथ में कमंडल है। देवी ब्रह्मचारिणी साक्षात ब्रह्म का स्वरूप है अर्थात तपस्या का मूर्तिमान रूप है। ये देवी भगवती दुर्गा, शिवस्वरूपा, गणेशजननी, नारायनी, विष्णुमाया तथा पूर्ण ब्रह्मस्वरूपिणी के नाम से प्रसिद्ध हैं।

## कलश स्थापन के साथ मां की पूजा-अर्चना शुरू




डोरंडा जैप-1 में नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना में शामिल महिलाएं। फोटो- समीर

# पूजा में बारिश से खलल की आशंका, येलो अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। दुर्गा पूजा में बारिश खलल डाल सकती है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर अगले तीन दिन के लिए गुरुवार को येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कुछ जगहों पर गरज के साथ वज्रपात होने की आशंका है। अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन, इसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट शुरू हो जायेगी। इससे सुबह और रात को ठंड का एहसास होगा।

मौसम विभाग ने आठ अक्तूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश के साथ ही साथ वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है। विभाग



ने जारी अपडेट में कहा गया है कि शुक्रवार को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रहेंगे। पांच अक्तूबर को भी गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। छह और सात अक्तूबर को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जतायी गयी है।

### आइएमडी ने जारी किया अलर्ट

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में कुछ राज्यों में मौसम का मिजाज बिगड़ सकता है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गयी है। 4 अक्टूबर को बिहार, झारखंड के कुछ इलाकों, एमपी, असम, अरुणाचल, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, नगालैंड और तमिलनाडु में भारी बारिश की संभावना। वहीं 5 व 6 को असम, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में भारी वर्षा का अनुमान है।

## राज्य के पहले ट्रांसपोर्ट नगर का सीएम ने किया उदघाटन

# मिलेगी जाम से मुक्ति बढ़ेंगे रोजगार : हेमंत

### फेज -1 का उदघाटन व फेज -2 की रखी आधारशिला

- ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को मिलेगी गति
- ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों को मिला स्थायी ठिकाना,
- एक ही जगह सभी सुविधाएं मिलेंगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी को राज्य के पहले ट्रासपोर्ट नगर की गुरुवार को सीएम हेमंत सरकार बड़ी सौगात दी। इस मौके पर सीएम उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टरों को रांची में स्थायी ठिकाना मिल गया है। इससे जाम से तो मुक्ति मिलेगी ही रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। ट्रांसपोर्ट नगर से जहां यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगा, वहीं ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गति मिलेगी। सीएम ने गुरुवार को राजधानी रांची के सुकुरहुटू में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवनिर्मित ट्रांसपोर्ट नगर के फेज-1 का उद्घाटन एवं फेज -2 की आधारशिला रखते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को कारोबार से संबंधित सभी सुविधाएं एक छत के नीचे मिल जायेंगी।

सीएम ने कहा कि राजधानी के लोगों को अब शहर के भीतर भारी वाहन नहीं दिखेंगे। जाम से मुक्ति और नो इंट्री से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द शहर के मेनरोड और कचहरी की तरह यह इलाका भी जगमग दिखेगा। शहर के विस्तार में यह ट्रांसपोर्ट नगर मील का पत्थर साबित होगा। राज्य और देश के अलग-अलग कोने में आने जाने की व्यवस्था होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### सीएम आज राज्य को सौंपेंगे पहला एलिवेटेड फ्लाई ओवर

**रांची।** पूर्वोत्तर भारत का पहला फ्लाईओवर दो साल में कांटाटोली में बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को इसे राज्य की जनता को समर्पित करेंगे। इसके लिए संत पाल स्कूल को उद्घाटन स्थल बनाया गया है। उन्होंने यहां बन रहे वाटरप्रूफ पंडाल और मंच का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीएम यहीं से फ्लाईओवर का उद्घाटन एवं शिलान्यास पट्ट का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही फ्लाईओवर को आम लोगों को आवागमन के लिए समर्पित करेंगे। फ्लाईओवर पर पूजा वाले स्थान पर फीता काट कर उद्घाटन करने के बाद सीएम राजधानी के हरमू फ्लाईओवर का शिलान्यास, सहित डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल, खेलगांव नामकुम रोड सहित 2500 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया जायेगा।

## चुनाव ड्यूटी में हादसे पर मुआवजा सरकार को देना होगा: हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड हाइकोर्ट गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि चुनाव के दौरान दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा देने की जिम्मेवारी सरकार की है। किसी भी स्थिति में वाहन मालिक या बीमा कंपनी की जिम्मेवारी नहीं बनती। अधिकृत वाहन में दुर्घटना होने के बाद मुआवजे का भुगतान सरकार करेगी न कि बीमा कंपनी या वाहन मालिक। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने निचली अदालत की ओर से निर्धारित मुआवजे की राशि और सरकार की ओर से दी गई राशि का भुगतान ब्याज के साथ करने का निर्देश झारखंड सरकार को दिया। इसके साथ ही अदालत ने निर्वाचन आयोग और सरकार की निचली अदालत की ओर से दायर अपील याचिका खारिज कर दी। चुनाव के दौरान 29 अप्रैल 2009 को एक वाहन, जिसे सरकार ने अधिकृत किया था। उस वाहन से चुनाव कार्य में जा रहे पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट ओंकारनाथ भगत दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी थी। सरकार ने उनके परिजनों को दस लाख रुपये एक्सग्रेसिया के मद में भुगतान किया। मृतक की पत्नी गायत्री देवी ने गिरिडीह के जिला जज एवं मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में याचिका दायर की। फैसला उनके पक्ष में आया। आदेश के खिलाफ सरकार और आयोग ने हाईकोर्ट में अपील की। मृतक की पत्नी ने भी हाईकोर्ट में अपील दायर की और मुआवजे की राशि बढ़ाने का आग्रह अदालत से किया। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा देने की जिम्मेवारी सरकार की है।

## कोयला चोरी में पुलिस संलिप्तता की सीबीआइ जांच होगी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद में कोयला चोरी और उसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया। इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

पूर्व की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से कहा गया था कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पुलिस के खिलाफ कोयले के अवैध व्यापार में वसूली का प्रार्थी ने जो आरोप लगाया है वह बेबुनियाद है। प्रार्थी प्रभावित व्यक्ति नहीं है। उसके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है, अतः फसाने के लिए मामला दर्ज कराया है। दर्ज करने का आवेदन दिया है।

### न्यूज डायरी

### 17 जवानों की हत्या का आरोपी नक्सली धराया

**गुमला।** अलग-अलग नक्सली हमले में 17 पुलिसकर्मियों को मारने वाला भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन के सबजोनल कमांडर रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण को पुलिस ने धर दबोचा। उस पर पांच लाख का इनाम था।

### अजहर को इडी का समन

**नयी दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुदीन ईडी ने समन भेज कर 8 को पेश होने का आदेश दिया है। पहले समन के अनुसार उन्हें गुरुवार को पेश होना था, पर वह नहीं आये।

### जवान ने की खुदकुशी

**रांची।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के एक मैदान में गुरुवार को एनडीआरएफ के जवान ने पेड़ से रस्सी के सहारे लटकर खुदकुशी कर ली। जवान की शिनाख्त जय कुमार लकड़ा के रूप में की गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 94000 रु./प्रति किलो |

# रेलकर्मियों के बोनस को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

### 11.72 लाख रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर मिलेगा बोनस

### मोदी सरकार का पूजा गिफ्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी के नेतृत्व में गुरुवार को मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस योजना को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा किसानों के लिए 'पीएम राष्ट्र कृषि विकास योजना' और 'कृषोन्नति योजना' को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने रेलवे कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) को भी मंजूरी दी है। इस वर्ष भी लगभग 11.72 लाख रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा जा रहा है। रेलवे कर्मचारियों को देय अधिकतम राशि 78 दिनों के लिए 17,951 रुपये है।

साथ ही 20,704 बंदरगाह कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़ी इनाम योजना को भी मंजूरी दी गयी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि रेलवे कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस को मंजूरी दी है। (शेष पेज 11 पर)

### बांग्ला समेत पांच को 'क्लासिकल भाषा' का दर्जा

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी ने हमेशा भारतीय भाषाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। गुरुवार को बांग्ला, मराठी, पाली, प्राकृत, और असमिया को शास्त्रीय भाषाओं के रूप में मंजूरी दी गयी। उन्होंने कहा, अब तक तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और ओडिया अधिसूचित शास्त्रीय भाषाएं थीं। सरकार शास्त्रीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन तथा इन भाषाओं की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट पर कहा, पाली और प्राकृत भारत की संस्कृति की जड़ हैं। ये आध्यात्मिकता, ज्ञान और दर्शन की भाषाएं हैं। शास्त्रीय भाषाओं के रूप में उनकी मान्यता भारतीय विचार, संस्कृति और इतिहास पर उनके कालातीत प्रभाव का सम्मान करती है।

## पूर्व मंत्री बृजबिहारी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट का फैसला पलटा

# पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो को उम्रकैद की सजा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, पटना।** उच्चतम न्यायालय करीब 26 साल पहले बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले पटना उच्च न्यायालय के फैसले को आंशिक तौर पर पलटते हुए राजद नेता व पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला समेत दो को गुरुवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। उन्हें 15 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मृतक प्रसाद की विधवा पूर्व सांसद रमा देवी के अलावा इस मामले की जांच कर रही सीबीआइ की याचिका पर यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने बाहुबली मुन्ना शुक्ला और व मंटू तिवारी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। इस मामले में लोजपा के पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत छह आरोपियों को बरी कर दिया है।



**पत्नी रमा देवी ने लगायी थी गुहार :** 1998 में पटना के आईजीआइएमएस अस्पताल में बृज बिहारी प्रसाद की हत्या कर दी गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

### न्याय की जीत हुई : रमा देवी

शिवहर की सांसद रह चुकी बृजबिहारी प्रसाद की पत्नी रमा देवी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर खुशी जतायी। रमा देवी ने संवाददाताओं से कहा, न्याय की जीत हुई है। दोषियों को सजा मिलेगी। संदेह का लाभ पाने वालों को देवी भगवती जवाबदेह ठहरायेंगी। सजा से बचने के लिए देश से भागने की कोशिश कर सकता है। बाद में बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी रमा देवी मोतिहारी से राजद सांसद बनीं, फिर वो भाजपा से शिवहर से तीन बार सांसद रहीं।



## एमजीएम अस्पताल के ओपीडी का उदघाटन महज चुनावी स्टंट : सरयू



**रांची।** विधायक सरयू राय ने गुरुवार को कहा कि एमजीएम कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर के नये भवन में चिकित्सा की तैयारी के बिना ही ओपीडी का उदघाटन करना जनता को धोखा देना है। श्री राय ने कहा कि नये भवन में अभी तक पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। यहां का छात्रावास जर्जर है। छात्रावास में पानी घुस जाता है। परिसर में खेल का मैदान तक नहीं है। गर्ल्स हॉस्टल की बाउंड्री सही नहीं है। छात्रायें सुरक्षित नहीं हैं। इसके बावजूद नये भवन में ओपीडी का उदघाटन करना महज चुनावी स्टंट ही तो है। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों में राज्य के बजट से स्वास्थ्य सेवाओं के मद में करीब 34 हजार करोड़ रूप्ये आवंटित हुये, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है।

# कोयला चोरी के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश स्वागतयोग्य : बाबूलाल मरांडी

## जिसने जितना लूटा है, उसकी पाईं पाई की वसूली होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने जितना लूटा है, उसकी पाईं पाई की वसूली होगी। श्री मरांडी गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हेमंत सोरेन को 5 साल का हिसाब भी देना होगा। जितना लूटा है, उसकी पाईं पाई वसूली की जायेगी। भलाई इसी में है अब तक जितनी भी गड़बड़ी हुई है, अगर उसकी जांच करायें। ऐसे में राज्य की जनता को लगेगा कि वास्तव में वे ईमानदारी से कम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में हुये भ्रष्टाचार और घोटाले को लेकर मैंने कई पत्र मुख्यमंत्री को लिखे हैं। सरकार को पहले ही सचेत कर दिया था कि इस तरह की गड़बड़ी हो रही है। इससे खुद बचे और राज्य को भी बचायें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में अगर राज्य को नहीं बचायेंगे तो खुद भी उसी आग में जल जायेंगे। उन्होंने कहा कि कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। साहिबगंज में अवैध तरीके से पत्थर का उत्खनन और अवैध ढुलाई होती रही। अवैध घाटों से भी ढुलाई होते रही। पानी के माध्यम से रात में भी ढुलाई की गई। सूचना थी कि यहां कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इसे लेकर मैंने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री ने पत्र का संज्ञान नहीं लिया। पत्र लिखने के करीब 1 से डेढ़ साल के बाद वाहन दुर्घटना घट गई। जांच हुई तो पता चला कि साहिबगंज में हजारों करोड़ों रुपया का पत्थर घोटाला हुआ है। अभी भी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि कोयला चोरी का भी एक मामला है। कोयला चोरी ने हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सारे रिकॉर्ड को तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। कोयला चोरी सरकार के संरक्षण में हुआ। कोयला चोरी को लेकर धनबाद में भाजपा की ओर से कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया था। मुख्यमंत्री को इसे लेकर पत्र भी लिखा था। पलामू में नाकामी का झंडा बुलंद करने वाले एसपी की पोस्टिंग धनबाद में कर दी गई। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था कि इस तरह के अफसर के तैनात किये जाने पर जिले में कभी भी अपराध नहीं रुकेगा। उनके बैच के कई अफसर का प्रमोशन हो गया था। लेकिन उन्हें प्रमोट नहीं किया गया है। क्योंकि प्रमोशन मिलने पर उन्हें एसपी के पद से हटना पड़ता। उन्होंने कहा की कोयला चोरी की जांच कराने के मामले में हाईकोर्ट में केस था। हाई कोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर हेमंत सरकार केस करती है। मेरे ऊपर भी कई केस हो चुके हैं। सरकार पुलिस प्रशासन को एक औजार की तरह उपयोग कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।





## एक नजर में

### हाईकोर्ट का निर्देश- पूजा के दौरान अतिरिक्त महिला सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा से मॉनिटरिंग की जाए, महिलाओं की आपातकाल में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर का स्थानीय टीवी चैनल और अखबारों में विज्ञापन के जरिए प्रचार प्रसार किया जाए और सभी जगहों पर स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाए। वहीं अदालत ने दुर्गा पूजा को लेकर सरकार को पूजा पंडाल के आसपास अतिरिक्त महिला सुरक्षा बल की नियुक्ति करने और पिंक बसों के संचालन के समय को विस्तार देने का निर्देश दिया है। अब इस जनहित याचिका पर हाईकोर्ट 18 नवंबर को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

### सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** पूर्व सीएम के सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्जफ्रेम किए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। गुरुवार को इस केस में दोनों पक्षों की ओर से अंतिम बहस हुई। बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है। युवती ने 16 अगस्त 2021 को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में पूरे घटनाक्रम का क्रमवार जिक्र किया गया है।

### जयराम महतो लड़ेंगे डुमरी से विधानसभा चुनाव, 6 प्रत्याशियों की सूची जारी

**रांची।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन जेएलकेएम (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) के सुप्रीमो जयराम महतो ने डुमरी से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। पार्टी ने छह प्रत्याशियों के नाम का ऐलान भी कर दिया है। इस संबंध में पार्टी की ओर से लिस्ट जारी कर दी गई है। जारी लिस्ट के अनुसार डुमरी से जयराम महतो, जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी और छतरपुर से प्रीति राज चुनाव लड़ेंगी।

### जेपीएससी अध्यक्ष का पद रिक्त होने से प्रोफेसरों की नहीं हो रही नियुक्ति

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) अध्यक्ष का पद रिक्त रहने के कारण रांची विश्वविद्यालय में नियमित प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति नहीं की जा रही है। अध्यक्ष की नियुक्ति होने के बाद प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जेपीएससी की ओर से गुरुवार को यह जानकारी हाईकोर्ट को दी गयी। जेपीएससी ने इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट से समय देने का आग्रह किया। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए सुनवाई 21 अक्तूबर को निर्धारित की। इस संबंध में अनिकेत ओहदार ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि रांची विश्वविद्यालय में लंबे समय से नियमित प्रोफेसरों और असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति नहीं की गयी है। संविदा के आधार पर ही नियुक्ति की जा रही है, जो नियमों का उल्लंघन है। अदालत से नियमित नियुक्ति करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है।

### आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे जस्टिस रत्नाकर भेंगरा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रत्नाकर भेंगरा शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वह शुक्रवार को अंतिम दिन कोर्ट करेंगे। जस्टिस भेंगरा वर्ष 2015 में झारखंड हाईकोर्ट के जज बने थे। इससे पूर्व वह झारखंड हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को उनके सम्मान में दोपहर एक बजे विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया है। जस्टिस भेंगरा का जन्न 5.10.1962 को हुआ। वर्ष 1988 से वह वकालत के पेशे में आए। वर्ष 1992 से वह पटना हाईकोर्ट के रांची बेंच में प्रैक्टिस करने लगे। वर्ष 2015 में वह झारखंड हाईकोर्ट के अपर न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2017 को वह स्थायी जज बने।

### रांची में 9231 को बिल माफी का प्रमाण पत्र मिला

**रांची।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना (बिजली बिल माफी योजना) के तहत गुरुवार को रांची विद्युत आपूर्ति अंचल में शिविर लगाकर 9231 लोगों को बिल माफी का प्रमाण पत्र दिया गया। रांची पूर्वी में 1818, रांची पश्चिमी में 1409, डोरंडा में 1139, न्यू कैपिटल डिविजन में 1339, रांची केंद्रीय प्रमंडल में 1233, कोकर प्रमंडल में 1095 और खूंटी प्रमंडल में 1198 उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

### पारा शिक्षकों को वेतनवृद्धि का मिला एक और मौका

**रांची।** राज्य के पारा शिक्षकों को अपनी वेतन वृद्धि का एक और मौका मिला है। इसके लिए दूसरी बार आकलन परीक्षा ली जाएगी। इस परीक्षा को लेने की जिम्मेवारी झारखंड एकेडेमिक काउंसिल (जैक) को मिली है। यह परीक्षा वैसे पारा शिक्षकों के लिए है, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा(जेटीइटी) पास नहीं हैं। वे आकलन परीक्षा देकर अपने वेतन में वृद्धि कर सकते हैं। राज्य में पारा शिक्षकों को 10 फीसदी अधिक वेतन में वृद्धि के लिए अलग से परीक्षा देने का प्रावधान है। यह आकलन परीक्षा दूसरी बार आयोजित की जा रही है।

**26 अक्टूबर तक भरे जाएंगे आवेदन :** झारखंड एकेडेमिक काउंसिल के वेबसाइट में आकलन परीक्षा के लिए 26 अक्टूबर तक आवेदन ऑनलाइन जमा किए जाएंगे। एसटी-एससी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपए और सामान्य अभ्यर्थियों के लिए 750 रुपए परीक्षा शुल्क रखा गया है।

# बिजलीकर्मियों की बेमियादी हड़ताल टली, ब्लैकआउट से बचा झारखंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्लैकआउट होने से झारखंड फिलहाल बच गया है। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ से जुड़े बिजलीकर्मियों ने अपना हड़ताल समाप्त कर दिया है। जेबीवीएनएल मुख्यालय में निदेशक प्रमुख से हुई सकारात्मक वार्ता के बाद बिजलीकर्मियों ने गुरुवार से शुरू हो रहीं बेमियादी हड़ताल को वापस लेने की घोषणा की। इससे पहले जेबीवीएनएल मुख्यालय में संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में दस सदस्यीय शिष्टमंडल कार्यकारी निदेशक केके वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ वार्ता करने पहुंचे।

वार्ता के दौरान संघ के द्वारा छह सूत्री मांग सौंपी गई। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक केके वर्मा ने कहा कि एरियर बकाया और एजेंसी की मनमानी की शिकायत के लिए दो सदस्यीय जांच टीम बनाई जायेगी। इसके अलावे अन्य मांगों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में अगले महीने रखा जायेगा।

ठेका पर काम कर रहे बिजलीकर्मियों की सेवा 60 साल करने सहित अन्य प्रस्तावों पर केके वर्मा ने सहमति जताते हुए कहा कि उनकी ओर से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में समर्थन किया जायेगा। जेबीवीएनएल अधिकारियों के साथ वार्ता के बाद संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर एक महीने के अंदर फैसला नहीं लिया जाता है तो बिजली कर्मी हड़ताल करने के लिए विवश हो जायेंगे।

**नारेबाजी करते बिजलीकर्मी पहुंचे जेबीवीएनएल मुख्यालय**

गुरुवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राज्यभर से आउटसोर्सिंग पर कार्यरत बिजली कर्मी जेबीवीएनएल मुख्यालय पहुंचे। संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जेबीवीएनएल मुख्यालय पहुंचे बिजलीकर्मियों ने इस दौरान अपनी छह सूत्री मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। धुर्वा गोलचक्कर पर एकत्रित हुए आंदोलनरत बिजली कर्मी जैसे ही जेबीवीएनएल मुख्यालय की ओर बढ़े पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। हालांकि जेबीवीएनएल कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंचने में बिजलीकर्मी सफल रहे और वहां जमकर नारेबाजी की। आंदोलनरत बिजलीकर्मी ठेका पर काम कराने की प्रथा को बंद करने तथा एंजेसी पर मानदेय का भुगतान नहीं करने का लगातार आरोप लगा रहे थे।

# गवर्नर से मिले भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत मंत्री

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से नवरात्रि के पहले दिन भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत मंत्री डॉ सुबास साहु मिले। श्री साहू रांची विश्वविद्यालय के एसएस मेमोरियल कॉलेज में नागपुरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। डॉ साहु ने राज्यपाल आत्मीय भेंट कर अंगवस्त्र व मां भद्रकाली की मनमोहक तस्वीर भेंट कर नवरात्रि की बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने अपने संगठन व समाज के कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल के युवा गतिविधि द्वारा देश भर में विजन फॉर विकसित भारत विषय पर शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता हुआ था। इसमें जिन प्रतिभागियों ने प्रांत स्तर पर भाग लिया था, उन शोधार्थियों को प्रान्त स्तर पर शोध पत्र पुरस्कार प्रमाण पत्र का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के एचआरडीसी (अकेडमिक स्टफ कॉलेज) सभागार प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन 5 अक्तूबर को रखा गया है। इस दौरान राज्यपाल ने भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यों सराहा और कहा कि मेरी शुभकामनाएं हमेशा मंडल के साथ रहेगा ।




**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना।

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



रजिस्ट्री सं.डी.एल. 33004/99 | Regd. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ-24092024-257430
CG-DL-E-24092024-257430
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II- Section3- Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3711] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 19, 2024/भाद्र 28, 1946
No. 3711] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 19, 2024/BHADRA 28, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 19 सितम्बर 2024

का. आ. 4050(अ)—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के गुमला जिले में NH-43 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 32.400 (उपायुक्त कार्यालय, गुमला) तक के भू-खण्ड के निर्माण (...) 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् सक्षम प्राधिकारी, जिला भूमि अर्जन अधिकारी, गुमला को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या किसी विधिक व्यवसायी द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जांच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और संबद्ध हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

झारखंड राज्य के गुमला जिले में NH-43 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 32.400 (उपायुक्त कार्यालय, गुमला) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

जिले का नाम: गुमला
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 19.09.2024
https://bhoomirashi.gov.in/

[फा सं. NHAI/PIU/GUM/CG-JH-Border/LA/3A]
अमन जैन, निदेशक

नोट- इस अधिसूचना की मौलिक प्रति सीएलए/पीआईयू/आरओ के कार्यालय पर भी उपलब्ध है और भूमि स्वामी वहां से भी अधिसूचना को देख सकते हैं।


# राज्य निर्वाचन कार्यालय ने आयोजित की आरओ और एआरओ के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग

## आयोग द्वारा बीते माह में कराये गये ट्रेनिंग में कम अंक वाले पदाधिकारियों के लिए कराई जा रही ट्रेनिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को आरओ व एआरओ के लिए ऑनलाइन माध्यम से दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का निर्वाचन सदन में आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में झारखंड के साथ-साथ महाराष्ट्र के भी निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को आयोग के प्रशिक्षकों ने चुनाव कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के वैसे पदाधिकारी जिनके द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विगत माह में ही प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया था। परंतु प्रशिक्षण के क्रम में आयोजित परीक्षा में काम अंक प्राप्त हुए थे। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों ने ऑनलाइन माध्यम से निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के विषय में बिंदुवार प्रशिक्षण दिया। साथ ही शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन कराने में आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुपालन संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई। प्रशिक्षण सत्र में विगत कम अंक प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं मुख्य निर्वाचन कार्यालय से पदाधिकारियों के प्रशिक्षण में सहायता के लिए सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



## पाकुड़ के मांझी परगना महासम्मेलन में चम्पई सोरेन ने कहा

# आदिवासियों को छीनी जमीन पर वापस कब्जा दिलवायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/पाकुड़।** भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने कहा कि वे संथाल परगना की धरती से बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकाल कर आदिवासियों को उनकी जमीन वापस दिलवायेंगे। श्री सोरेन गुरूवार को पाकुड़ के शहरकोल पंचायत अंतर्गत गोकुलपुर हाट मैदान में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम आदिवासी दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता से हैं। इसने कभी किसी का बुरा नहीं चाहा। लेकिन, हमारा समाज किसी के सामने घुटने नहीं टेकता है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ पहला विद्रोह भी इसी संथाल परगना की माटी से हुआ था। उन्होंने कहा कि इसी धरती पर बाबा तिलका मांझी, वीर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और वीरांगना फूलो झानो जैसे क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को चुनौती दी थी। इसकी वजह से संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम बना था। जिस माटी में जन्में हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन और आत्मसम्मान के लिये अंग्रेजों से युद्ध किया था। वहां हम किसी भी घुसपैठिए को रहने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि हम आदिवासियों को सीधा-सरल माना जाता है। लेकिन जब बात अस्तित्व की आती है तब हमारा समाज किसी भी हद तक जाने को तैयार है। दर्जनों गांव हैं जहां से आदिवासियों का नामोनिशान मिट चुका है। हमारे समाज के पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था की मदद से जमीन वापसी करायेंगे। महासम्मेलन में भाग लेने के पहले पूर्व उन्होंने सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम को पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम सहित ग्राम प्रधानों ने भी संबोधित किया।



### एयरपोर्ट पार्किंग पर हो रही अवैध वसूली : भाजपा

**रांची।** अधिवक्ता सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कें द्रीय नागरिक उड्डन मंत्री को पत्र लिख कर एयरपोर्ट पार्किंग में चल रहे गोरखधंधे की जांच की मांग की है। उन्होंने एयरपोर्ट पार्किंग को अविलम्ब बंद करने की भी मांग की है। साथ ही पिछले 4 वर्ष का लेखा जोखा की मांग करते हुसे पार्किंग प्रबंधन सहित उगाही करने वाले स्टाफ के खिलाफ रंगदारी का प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया है। इसके पहले भी स्थानीय सांसद व विधायक से एयरपोर्ट पार्किंग में चल रहे गड़बड़ी की शिकायत की गयी थी।अक्सर लोग बकझक से बचने और कोई अनहोनी से बचने के लिए नगद पैसा देते हैं उसके अलावा कार मे फास्ट टैग लगा रहता है।

स्पीड न्यूज



## गवर्नर गंगवार से मिले कुड़मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र महतो

**जमशेदपुर।** कुड़मी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र महतो झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात किये। इस दौरान उन्होंने महामहिम को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। श्री महतो ने बताया कि विगत दिनों गोपाल मैदान में आयोजित करमा महोत्सव में शामिल होने के लिए राज्यपाल महोदय को आमंत्रित किया गया गया था। परंतु उक्त निर्धारित तिथि को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम एवं भारी बारिश के कारण ऊहोपोह की स्थिति के कारण वो कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकें थे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल से मुलाकात के दौरान झारखंड में कुड़मी समाज के विभिन्न लंबित मांगों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया गया। जल्द समाज का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल महोदय से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा।

## झामुमो ने दिवंगत नेता अंसारी को याद किया



**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में शाम 6:00 बजे झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय हाजी हुसैन अंसारी का 4वा पुण्यतिथि उनकी फोटो पर माल्यार्पण एवं फुल चढ़कर मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शेख बदरुद्दीन प्रमोद लाल वीर सिंह सुरीन फैयाज खान अरुण प्रसाद राज लकड़ा प्रीतम हेंब्रम राजा सिंह रानू मंडल इंद्रपाल सिंह परवेज अख्तर पिंटू लाल पिंटू चौधरी दुर्गा बायपाई संदीप चक्रवर्ती विनोद महतो कालू गोराई विनोद दे एवं गुरमीत सिंह गिल उपस्थित थे।

## कल सीएम करेंगे एमजीएम के ओपीडी का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 5 अक्तूबर को एमजीएम अस्पताल के डिमना स्थित नये अस्पताल भवन के ओपीडी का उद्घाटन करेंगे। यह अस्पताल बन कर तैयार है। उद्घाटन के पूर्व की तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए डीसी अनन्य मित्तल और एसडीओ श्रीमती शताब्दी मजुमदार ने अपनी टीम के साथ अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। दूसरी ओर, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को कहा कि एमजीएम कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर के नये भवन में चिकित्सा की तैयारी के बिना ही ओपीडी का उद्घाटन करना यहां की जनता को धोखा देना है। यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि नये भवन में अभी तक पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। यहाँ का छात्रावास जर्जर है।

## जमशेदपुर की धरती पर उतरा राजस्थान...

**जमशेदपुर।** 3 बजे श्री अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा जे एन ए सी कार्यालय के सामने से निकाली गयी। ढोल नगाड़े और डंका बज रहे थे, राजस्थानी परिधान पहने महिलाएं, पुरूष और बच्चे इसमें भाग लेने वाले सभी लोग अधिकांशत राजस्थानी वेशभूषा में थे। डबल घोड़ों से सजे हुए 25 रथ जिनमें किसी किसी में राम लक्ष्मण जानकी की तो किसी में राधा श्याम की तो किसी में हनुमान की नयनाभिराम झांकियां अद्भुत नजारा पेश कर रहा था। मोर पंखों से सजी हुई महिलाएं नृत्य कर रही थीं, गाड़ियों में राम दरबार की झांकी तो किसी में अखंड रामायण की झांकी तो किसी में अग्रसेन महाराज की झांकी देखते ही बन रही थी। सभी रथ, गाडियां एवं झांकियां जेएनएसी कार्यालय के समक्ष से प्रारंभ होकर साकची पोस्ट ऑफिस-बड़ा गोलचक्कर होटल दयाल होते हुए अग्रसेन भवन के समक्ष समाप्त हुई। आज सारे का सारा मारवाड़ी/ अग्रवाल समाज के लोग सड़क पर उतरकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

# दिव्यांगजनों की असाधारण प्रतिभाओं का उत्सव है एबिलिंपिक्स : बन्ना गुप्ता

- झारखंड में ईस्ट जोन एबिलिंपिक्स 2024 का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन
- 7 पूर्वी राज्यों से दिव्यांगजन विभिन्न व्यावसायिक कौशलों मेंकर रहे हैं प्रतिस्पर्धा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ठअअक)द्वारा आयोजित ईस्ट जोन क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स 2024 आज जमशेदपुर (झारखंड) के टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट, बर्मा माइंस में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता द्वारा किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में पूर्वी भारत से आए दिव्यांगजनों ने अपने असाधारण कौशल और प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर परश्री कृष्ण कालरा - अध्यक्ष नेशनल एबिलिंपिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएआई),श्री जगमित सिंह सिद्धू -आईईएल के सीईओ और टाटा पावर के चीफ ऑपरेशंस, जमशेदपुर, कैप्टन अमिताभ - टाटा स्टीलफाउंडेशन के कौशल विकास प्रमुख, श्री बासुदेव हांसदा - प्रमुख ओ एंड एम, टाटा पावर, जोजोबेरा प्लांट, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल, नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ठअअक) के महासचिव और सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तिभी उपस्थित थे।





उद्घाटन समारोह को संबोधित करते झारखंड के स्वास्थ्यमंत्री बन्ना गुप्ता और टेलरिंग में हाथ अजमाते दिव्यांग।

एबिलिंपिक्स, जिसे क्षमताओं का ओलंपिक कहा जाता है, दिव्यांगजनों के लिए एक वैश्विक मंच है। इस मंच पर वे अपने व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन करते हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की अपनी क्षमता दिखाते हैं। इस आयोजन ने रोजगार के अवसरों के बड़े मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित किया। ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम आईटी, आतिथ्य, विनिर्माण और रचनात्मक क्षेत्रों सहित विभिन्न उद्योगों में नए अवसर प्रदान करते हैं।

इस कार्यक्रम को टाटा पावर ,आईएचसीएल , टाटा स्टील फाउंडेशन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जैसे प्रमुख भागीदारों का समर्थन प्राप्त है। इस आयोजन ने दिव्यांगजनों को कौशल विकास और समावेशन के माध्यम से सशक्त बनाने की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। ऐसे प्रयास दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही, टाटा समूह ने इस आयोजन के दौरान एक ऐतिहासिक न्यूरोडायवर्सिटी इमर्शन समिट की मेजबानी भी की।

इस अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा, ईस्ट जोन क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स 2024 में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह कार्यक्रम वास्तव में दिव्यांगजनों की असाधारण प्रतिभाओं का उत्सव है। यह मंच न केवल उनके कौशल को प्रदर्शित करता है, बल्कि हमारे समाज में समावेशन और समान अवसरों के महत्व को भी उजागर करता है। झारखंड को इस प्रेरणादायक पहल की मेजबानी करने पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि सरकार और निजी क्षेत्र दोनों के निरंतर समर्थन और सहयोग से हम एक ऐसा समावेशी कार्यबल तैयार कर सकते हैं, जहां हर व्यक्ति, चाहे उसकी क्षमता कुछ भी हो, सफल होने का अवसर प्राप्त कर सके। उन्होंने एक राजनेता से अधिक एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में दिव्यांगजनों के हित में अपना पूरा समर्थनदेने का आश्वासन दिया।

ईस्ट जोन संस्करण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 405 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं।

# कांदरबेड़ा से दोमुहानी फोर लेन सड़क का शीघ्र होगा कायाकल्प

## सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पर खर्च किये जायेंगे 67 करोड़ रुपये

- ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सरायकेला खरसावां के अंतर्गत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 33 कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पुन : निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगो ने विधायक सविता महतो का भव्य स्वागत किया। शीलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि कांदरबेड़ा से दोमुहानी 8 किमी फोरलेन सड़क के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण पुन : निर्माण का कार्य 67 करोड़ रुपये कि लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा उक्त सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण होने से जमशेदपुर आने जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो जिला अध्यक्ष सुवेंदु महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, समाजसेवी दिलीप महतो, विधायक के बेटी स्नेहा महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, श्रीकांत महतो, मो अरशद, मो नौसाद, मोहन कर्मकार, हरेन महतो, हीरालाल महतो, राहुल वर्मा, महताव आलम, सुदामा हेम्ब्रम, धरमु गोप, हरिदास महतो, हरेकृष्ण सिंग सरदार, बैद्यनाथ टुडू, संकर सिंह सरदार, समेत सैकड़ो कि संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।



फोर लेन सड़क की सुदृढीकरण व चौड़ीकरण योजना का शिलान्यास करती विधायक सबिता महतो व उपस्थित अन्य।

## फूड प्लाजा सिदगोड़ा में मिथिला परंपरा से 10 दिवसीय शारदीय नवरात्र पूजन शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी फूड प्लाजा सिदगोड़ा में मिथिला परम्परा द्वारा विधि-विधान से दस दिवसीय शारदीय नवरात्र मां भगवती पूजन हेतु कलश स्थापना कमेटी के यजमान महासचिव धर्मेश कुमार झा लड्डू को पंडित गोविंद झा दामोदर झा एवं विपिन झा एवं अनिल मिश्र ने करायी। साथ ही विभिन्न भक्त जनों के 28 कलश स्थापित किए गए।कलश स्थापना संकल्प के साथ ही चौबीस घंटे के लिए अखंड रामचरितमानस पाठ शुरू हुआ। आज के मुख्य अतिथि जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन एवं विशिष्ट अतिथि औटो क्लस्टर आदित्यपुर के चेयरमैन एवं साथ ही पूजा कमेटी के चैयरमेन एस एन ठाकुर को कमेटी अध्यक्ष मोहन ठाकुर, महासचिव धर्मेश कुमार झा लड्डू, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार कर्ण द्वारा शाल, पाग व मां भगवती की स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज के गणमान्य लोगों में गणेश झा, बिजय खॉ, ललन चौधरी एवं सुजीत झा को कमेटी के सदस्यों द्वारा शाल,पाग व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## अखिल भारतीय गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा का आज होगा आगमन

- ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीः अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती कर रहे यात्रा का नेतृत्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज श्रीङ अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नेतृत्व में अखिल भारतीय गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा का आगमन शुक्रवार को जमशेदपुर में हो रहा है। पूज्य शंकराचार्य महाराज का दिनांक 4 अक्टूबर 2024 , दिन शुक्रवार को दोपहर 1 बजे सड़क मार्ग से कोलकाता से जमशेदपुर आगमन होने जा रहा है। जमशेदपुर में पूज्य शंकराचार्य जी का प्रवास श्री इंद्रजीत मल्लिक के ५३६ जे रोड सोनारी वेस्ट लेआउट स्थित निवास में होने जा रहा है अपने प्रवास के दौरान पूज्य महाराज श्री भक्तों को दर्शन एवं आशीर्वाद देंगे दिनांक 5अक्टूबर 2024 को प्रातः 7 बजे पूज्य शंकराचार्य जी जमशेदपुर से रांची की ओर प्रस्थान करेंगे। दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को झारखण्ड की राजधानी रांची में होगी गो ध्वज की स्थापना।



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद।

## सीनियर एसपी किशोर कौशल से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एससीसीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पूर्वी सिंहभूम, श्री किशोर कौशल (आईपीएस) से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्ड, सचिव अंशुल रिंगसिया, विनोद शर्मा और सुरेश शर्मा लिप्पू शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात समस्याओं पर चर्चा की, जिसमें विशेष रूप से मानगो पुल के आसपास की समस्या को उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी को बताया कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव के कारण आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर मानगो पुल के क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है।



सीनियर एसपी किशोर कौशल से मिलते चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व सहयोगी पदाधिकारी।

## डीसी,एसएसपी ने टीम के साथ बड़ौदा घाट का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- दुर्गा पूजा समितियों व प्रशासनिक पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल द्वारा बड़ौदा घाट का निरीक्षण कर दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजूमदार, नगर निकाय पदाधिकारी, पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने निरीक्षण के क्रम में विसर्जन घाट तक पहुंच पथ का मरम्मतीकरण, पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर बेरिकेडिंग किये जाने, ससमय साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये।



## आज आधुनिक सुविधाओं और नये लूक के साथ खुलेगा श्रीलेदर्स साकची

- पहले से डबल एरिया और सेंट्रलाइज एसी की सुविधा से लैश हुआ 1952 का शो रुम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची के द्वारा रिनोवेटेड शो-रूम का शुभारम्भ दिनांक 04 अक्टुबर 2024 को होना निश्चित हुआ है। श्रीलेदर्स के संस्थापक स्व॰ श्री सुरेश चन्द्र डे एक दुरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रति निष्ठावान व्यक्ति थे जिन्होंने श्रीलेदर्स का पहला शो-रूम 1952 में साकची बाजार से शुरुआत की थी। उनके दुरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज श्रीलेदर्स न केवल पूरे देश बल्कि देश के बाहर भी सफलतापूर्वक चल रहा है और हजारों-लाखों परिवारों को रोजगार मिला। ज्ञात रहे कि आज के समय में श्रीलेदर्स को भारत में एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में जाना जाता है। स्व॰ सुरेश चन्द्र डे के तीसरे पुत्र स्व. आशीष डे (भाई) भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके सिद्धातों को अक्षरशः पालन करते हुए श्रीलेदर्स को एक नई मुकाम तक पहुँचाया है और अब स्व॰ सुरेश चन्द्र डे के पौत्रद्वय एवं स्व॰ आशिष डे के दोनों पुत्र शुभाशिष डे एवं सायोन डे भी अपने पूर्वजों द्वारा निर्धारित स्थापित आदर्शों को अपने जीवन में चरितार्थ करने का प्रयास कर रहें हैं और आज इसी का परिणाम है कि श्रीलेदर्स अपने रिनोवेटेड शो-रूम का पूनः उद्घाटन करने जा रहा है। रिनोवेटेड शो रुम का साइज 900 वर्गफीट से बढ़ाकर 1800 वर्गफीट कर दिया गया है। इससे अब ग्राहक पहले की तुलना में ज्यादा आरामदायक माहौल में पसंद के फुटवियर और एसेसरीज खरीद सकेंगे। उक्त जानकारी साकची स्थित होटल स्मिता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपने इस रिनोवेटेड अत्याधुनिक वातानुकुलित शो-रूम के बारे में शुभाशिष डे ने कहा कि यह शो-रूम में पहले की अपेक्षा अब यहाँ खरीददारी करना एक सुखद अनुभव होगा।





संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते शुभाशीष डे। साथ में बायें से श्री बनर्जी, सायोन डे और सबसे दायें मुन्ना अग्रवाल और नये लूक में श्रीलेदर्स साकची का शो रुम।

## एक नजर में

### शिक्षक संघ ने मंत्री बन्ना गुप्ता का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के सैकड़ों की संख्या में संघीय पदाधिकारी एवं शिक्षक गण माननीय स्वास्थ्य मंत्री के पहल से झारखंड के राज्य कर्मियों एवं शिक्षकों हेतु स्वास्थ्य बीमा योजना लागू होने पर शिक्षक नेता सुनील कुमार के नेतृत्व में मंत्री बन्ना गुप्ता के आवासीय कार्यालय में मिलकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक संघ ने मंत्री को शॉल ओढ़ाकर तथा बुके देकर सम्मानित किया। सैकड़ो शिक्षकों ने भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि तथा ऐतिहासिक निर्णय पर माननीय मंत्री जी को फूल मालाओं से लाभ दिया। इस अवसर पर मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी ने कहा कि सबसे पहले शिक्षक नेता सुनील जी ने 31.01.2021को पटमदा में आयोजित शिक्षक संघ के एक कार्यक्रम में खुले मंच से मेरे सामने राज्य कर्मियों तथा शिक्षकों हेतु स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की मांग की थी। तब से सैकड़ों बार इसे लागू करने हेतु सुनील जी मुझसे मिल चुके हैं। हर बार मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि यह जरूर लागू होगा एवं डेढ़ वर्ष पूर्व मैंने उन्हें कहा था कि यह जब भी लागू होगा तो उस एमओयू का गवाह बनने हेतु आपको भी आमंत्रित किया जाएगा। मैंने पूरे राज्य से एकमात्र सुनील जी को राज्य कर्मी/ शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में स्वास्थ्य बीमा योजना के एमओयू के अवसर पर आमंत्रित कर अपना वादा पूरा किया। सुनील जी ने अपने संबोधन में मंत्री जी से शिक्षकों हेतु एमएसीपी योजना लागू करने तथा आगामी 8 अक्टूबर को होने वाले कैबिनेट की बैठक में इसे पारित कराने हेतु मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराने की मांग की। जिस पर माननीय मंत्री जी ने कहा कि इस मांग पर पूर्व में भी शिक्षक संघ के अनुरोध पर वे पहल कर चुके हैं पुन: इसे कैबिनेट से पारित कराने हेतु सीएम से बात करेंगे।

### विधायक ने बिजली बिल माफी के प्रमाण पत्र बांटे



**जमशेदपुर।** 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने घोड़ाबांधा में विधायक के निर्देश पर किया। जिसके मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी थे। माफ किये गये बिजली बिल के उपभोक्ता के बीच में प्रमाण पत्र बांटा। कार्यक्रम के दौरान बिजली बिल से संबंधित (जैसे :- खराब मीटर, बड़ा हुआ बिल, मीटर चेंज, नाम ट्रांसफर) आदि सभी समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। विधायक ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने बिजली बिल माफी योजना की शुरूआत की है, जिसके तहत लोगों के पुराने बकाया बिजली बिल माफ किये जा रहे हैं। साथ ही नए बिलों में 200 यूनिट तक की बिजली मुफ्त दी जायेगी। इस योजना से राज्य के लाखों गरीब परिवारों को फायदा होगा और उनके ऊपर से बिजली बिलों का बोझ कम होगा। हेमंत सरकार की इस योजना से ना केवल लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि उनके वित्तीय बोझ में भी कमी आएगी।

### विधायक सबिता महतो ने उपभोक्ताओं के बीच बांटी बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र



**चांडिल।** मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत ईंचागढ विधानसभा के लुपुंगडीह पीएसएस में कार्यक्रम आयोजित कर ईंचागढ के झामुमो विधायक सविता महतो ने उपभोक्ताओं के बिच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किया। विधायक ने कहा हमारे झामुमो के नेतृत्व में चल रहे सरकार ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं का बिल माफी कर बड़ी राहत दिया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 युनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का घरेलू बिजली बिल सरकार ने माफ कर दिया है। इस कार्यक्रम में विधानसभा के सैकड़ों लोगों को बिल माफी का विधायक ने प्रमाण पत्र दिए। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारीयों को पंचायत में शिविर लगाकर बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा सरकार ने अगस्त 2024 तक के सभी बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है। इस मौके पर चांडिल विधुत सहायक अभियंता लालजी महतो, झामुमो केंद्रीय सदसय काबलु महतो, पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, मुख्यमंत्री के मामा गुरुचरण किस्कू, चांडिल प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, नीमडीह प्रखण्ड अध्यक्ष हरिदास महतो, जिला सह सचिव धर्मु गोप, राहुल वर्मा, सुदामा हेंब्रम, विशाल गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शिक्षा हमारे जीवन की नींव, मजबूती से करें निर्माण : सांसद जोबा माझी




**चक्रधरपुर/ जमशेदपुर।** शिक्षा हमारे जीवन की नींव की तरह है। जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए। यह बातें सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने कहीं। वे गुरुवार को चक्रधरपुर के पोटका स्थित संत जेवियर्स इंग्लिश मीडियम में अचिवर्स डे(उपलब्धि दिवस) कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ अनुशासन भी बेहद जरुरी है। बच्चें पढ़ लिखकर स्कूल व क्षेत्र का मान बढ़ाये। कहा कि संत जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में बेहतर भूमिका निभा रहा है। इसके लिए स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अहम योगदान है। इससे पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने प्रार्थना गीत पेश किया। जिसके बाद सांसद जोबा माझी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## स्पीड न्यूज



### कमलेश सिंह भाजपा में आये तो 7 मंडल अध्यक्ष व 342 बूथ अध्यक्ष देंगे इस्तीफा

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के हुसैनाबाद विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश सिंह को भाजपा में इंट्री कराने व चुनाव लड़वाने की खबर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है। गुरुवार को शहर रामविघा स्थित नगर मंडल अध्यक्ष राजेश कर्ण की अध्यक्षता में उनके आवास पर विस के सभी सात मंडल अध्यक्ष व 342 बूथ अध्यक्षों ने बैठक कर विरोध किया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी इंट्री होती है, तो वे सभी सामूहिक इस्तीफा देंगे। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेश करन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, उर्दवार मंडल अध्यक्ष मधु सुदन पाठक, हैदरनगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मोहम्मदगंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, हरिहरगंज मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पीपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता व कुल 342 के सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।

### सरकारी निर्देश के अनुरूप ही हो दवा का कारोबार : अध्यक्ष रमेश शुक्ला



**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन पलामू की बैठक में कई तरह के ज्वलंत मुद्दे सामने आये। व्यापारी जन अपने अपने व्यवसाय को लेकर आपस में ही प्रतिस्पर्धा कर अपने आप ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे उपभोक्ता एक ओर लाभान्वित हो रहे हैं तो एक ओर दवा को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे कई बार दुकानदारों को अपमान सहना पड़ रहा है। फेडरेशन अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने पलामू जिले के तमाम दवा व्यापारियों से अनुरोध किया है कि सरकार के द्वारा तय मानक पर ही अपने अपने व्यापार को संचालित करें। प्रतिस्पर्धा से पूर्ण रूप से बचें।

### बाबा क्लब ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**पाटन पलामू।** शारदीय नवरात्र के 14वें अधिवेशन पर बाबा क्लब ने भव्य कलश यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार थे। यूपी से आये कलाकार अपने भव्य झांकी का प्रदर्शन करते पूरे जोर-शोर से इस कार्यक्रम की भव्यता दिखायी। कलश यात्रा में बाबा क्लब के अध्यक्ष दीपेंद्र उपाध्याय, नवीन दुबे, चंदन दुबे, राजन तिवारी, कुंदन दुबे, बिट्टू उपाध्याय, सोनू उपाध्याय समेत कई श्रद्धालु शामिल थे। श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के नारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा।

### श्रद्धालुओं को शक्ति देती हैं मां दुर्गा : चंचला



**पाटन पलामू।** दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ लोइंगा पाटन के कमेटी के लोगों ने भावी प्रत्याशी छतरपुर पाटन विस चंचला देवी चंद्रवंशी का स्वागत किया। कलश यात्रा की मुख्य अतिथि चंचला ने कहा आज से लगातार 10 दिन हम सभी लोग भक्ति में समर्पित हो जाते हैं 9 दिन तक पूरा पवित्रता के साथ पूजा पाठ करते हैं और दसवां दिन खुशी-खुशी भाईचारे के साथ दशहरा पर्व मनाते हैं। नवरात्र में मां दुर्गे सभी श्रद्धालुओं को शक्ति प्रदान करें। मौके पर राजद जिला महासचिव विजय चंद्रवंशी, लोइंगा पंचायत के मुखिया गुड्डू यादव, सुदर्शन चंद्रवंशी, मालदेव चंद्रवंशी, रमेश चौधरी, गोरखनाथ चंद्रवंशी, इंद्रदेव चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, पंकज कुमार उपस्थित थे।

### पाटन में निकाली गयी कलश यात्रा



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशनपुर मौर्य तार के पास बाबा क्लब ने 16वां माता रानी की पूजा का भव्य ऐतिहासिक कलश यात्रा झांकी के साथ निकाला। मौके पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार को सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद ने माता रानी से प्रार्थना की कि इस क्लब के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत क्षेत्र वासियों को माता रानी किसी प्रकार का दुख न दे बराबर सबों के बीच खुशी का माहौल बना रहे। यही हमारी माता रानी से कामना है। मौके पर क्लब के अध्यक्ष छोटू उपाध्याय, सचिन काजू उपाध्याय, कोषाध्यक्ष नवीन दुबे, कुंदन दुबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पड़वा विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय सिंह भी थे।

### रिश्वत नहीं देने पर मुखिया ने महिला को अबुआ आवास से कर दिया वंचित



**पाटन पलामू।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ता जा रहा है। जिसके कारण इस योजना से गरीब-असहाय परिवार वंचित हो जा रहे हैं। सरकार बेघर परिवारों के लिए अबुआ आवास योजना चालू किया ताकि कोई भी गरीब परिवार बेघर न रहे सभी को पक्का मकान मिले। लेकिन प्रखंड के कई ऐसे पंचायत हैं जहां रिश्वत के बदौलत अयोग्य व्यक्ति भी इसका लाभ ले रहे हैं और योग्य वंचित हो जा रहे हैं ।ऐसा ही कुछ मामला पाटन के किशुनपुर पंचायत के रबदी गांव का है जहां एक 66 वर्षीय महिला पति कुंवर ने मुखिया सुमन गुप्ता पर पैसे नहीं देने के कारण अबुआ आवास योजना से वंचित रखने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि मुखिया आवास देने के बदले 20 हजार रुपये घूस के रूप में मांग की, नहीं दिया तो योजना से वंचित कर दिया। लिस्ट में पंचायत सचिव द्वारा रिपोर्ट कर दिया गया कि महिला भाई के साथ पक्के के मकान में रहती है। जबकि महिला द्वारा यह बताया गया कि उसके परिवार में कोई नहीं है, घर में अकेली रहती है ।इस संबंध में बीडीओ डॉ अमित झा ने कहा कि मामले की गहनता पूर्वक जांच की जायेगी। अगर मामला सही मिला तो संबंधित कर्मी पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र शुरू

- चहुं ओर बहने लगी भक्ति की बयार, मंगल भवन अमंगल हारी... से गुंजायमान हुआ इलाका

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** जिले में कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। पूजा पंडालों में चहल-पहल बढ़ गयी है। शहर से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक मां की जयघोष से समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया है। कई पूजा पंडालों में कलश यात्रा के साथ श्रीरामचरितमानस नवाह्नपरायण महायज्ञ तो कई पंडालों में धारावाहिक कार्यक्रम भी शुरू हो गया। शहर के सुदना, बैरिया चौक, हमीदगंज, बेलवाटिका, बाल समाज, जय भवानी संघ, किशोर समाज, जनता सेवक संघ, रेड़मा ठाकुरबाड़ी समेत जिले के सभी प्रखंडों में पूजा समितियों द्वारा पंडाल को आकर्षक तरीके से सजाने से लेकर मां दुर्गे की एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकी प्रस्तुत किये जायेंगे। जो भक्तों को आकर्षित करेगा। कलश यात्रा के पूर्व विभिन्न पूजा पंडालों में हनुमत पूजा की गयी। जिले के पंडवा, पाटन, विश्रामपुर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, चैनपुर, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, पांडू, पांकी, मनातू, लेस्लीगंज, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहा बाजार समेत सभी प्रखंडों में शारदीय नवरात्र के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया।

### बुरी ताकतों का नाश कर हर खेत में हरियाली और हर घर में खुशहाली लायें मां जगदंबा: केएन त्रिपाठी

- चैनपुर के अवसाने व कुरका ग्राम में शोभा यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री त्रिपाठी



**चैनपुर पलामू।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने आदिशक्ति के आराधना पर्व शारदीय नवरात्रि के अवसर पर चैनपुर प्रखंड के अवसाने और कुरका ग्राम में कलश यात्रा में शामिल हुए। बाबा वीर कुंवर के मैदान में आयोजित श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ सह दुर्गा पूजा महोत्सव के मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में कई महिला व पुरुष शामिल शामिल थे। श्री त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कलश शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर मदेव सिंह, सोनू पासवान, जितेन्द्र यादव, मनोरंजन चौधरी, रविन्द्र चौधरी, रोहित कुमार, देवसागर चौधरी, अनूप सिंह, विरेंद्र कुमार, रंगीता देवी आदि उपस्थित थे।

### हिंदुओं का महान त्योहार है नवरात्र : बिनोद सिन्हा

- झालखंडी माता मंदिर में की पूजा
- पाठक पगार में ग्रामीणों संग बैठक, कहा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं



**पांकी / तरहसी।** पांकी विस क्षेत्र के भावी युवा प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने कहा कि हिंदुओं का महापर्व शारदीय नवरात्रि गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है जो तीन से बारह अक्टूबर तक चलेगा। शारदीय नवरात्रि धर्म की अधर्म पर और सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है। वे नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम मुरमुसी में कलश यात्रा पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच बोल रहे थे। उन्होंने कलश उठाकर यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर दिनेश ठाकुर, मोबिन अंसारी, मुखिया पति बबलू अंसारी, वाजिब अंसारी, नसीर अहमद, मुन्ना अंसारी भी थे।

### कुर्मी टोला से निकली कलश सह भव्य शोभायात्रा

- बाजे गाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लगाया मां जगदंबा का जयघोष



**हुसैनाबाद पलामू।** कलश स्थपना के साथ-साथ आज से अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों व शहरों शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया। हुसैनाबाद प्रखंड में दर्जनो गावों में मां जगदंबा की पूजा शुरु हो गया हैं। शहर के सबसे पुरानी दुर्गा पूजा कुर्मी टोला में 66 वर्ष भी भव्य रूप से मनाया जा रहा जिसको लेकर आज गुरुवार को स्थानीय पटेल भवन से कलश स्थापना के लिए भव्य शोभायात्रा निकाला गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने गाजा बाजा ढोल नगाड़ों व झंडा पताखा के साथ कलश सह शोभायात्रा निकाला गया। जो शहर के मधुशाला रोड, गांधी चौक होते हुए मुख्य मार्ग से जपला सोन नदी में जल भरने की कार्य किया गया। मौके पर गोलू पटेल, लवकुश कुमार, हिमांशु पटेल, लीलावती देवी, डॉ रामचंद्र चौधरी, शिवपूजन चौधरी, दिनेश्वर चौधरी, समाजसेवी सैनिक सुधीर कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, नंदलाल चौधरी, संतोष सिंह, अरूण सिंह, गोपाल चौधरी, अरविंद शर्मा, सुरज कुमार, अंगद कुमार, कमलेश चौधरी आदि मौजूद थे।

### पांकी के पूर्व विधायक क्षेत्र के विकास में बन रहे रोड़ा : डॉ शशिभूषण

# सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन से योजनाओं को लुटवा रही महागठबंधन सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र में वर्ष 2019 के पूर्व विकास योजनाओं के नाम पर खानापूर्ति कर योजना लूट की योजना धरातल पर उतारी जाती थी। विधायक कोटा की राशि क्या होती है इसे क्षेत्र की जनता नहीं जानती थी। क्षेत्र में जितनी भी योजनाएं पूर्व में संचालित की गई है उन सभी योजनाओं में बड़े पैमाने पर लूट को अंजाम दिया गया है। जिस कारण पांकी विस क्षेत्र विकास के मामले में नगण्य साबित हो रही है। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कही। उन्होंने रामाडा होटल में प्रेस वार्ता कर कहा कि वर्ष 2019 में पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जब पूर्व के जनप्रतिनिधि को नकार कर मुझे कार्य करने का अवसर दिया है तब से लेकर आज तक पांकी विस क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत, गांव व टोलों में मुलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुल पुलिया सड़क निर्माण एवं भवन निर्माण समेत कई योजनाओं को धरातल पर उतार कर अंतिम रूप दिया गया। साथ ही साथ कई ऐसी योजनाएं हैं जिसे प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुका है। कई योजनाएं प्रशासनिक स्वीकृति के लिए पड़ा हुआ है।



उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के करार, सोनरे नदी, पिंडरा, सकलदीपा, मुंदरिया, गुरहा समेत कई क्षेत्रों में तीस करोड़ की लागत से आठ पुल पुलिया का शिलान्यास बहुत जल्द किया जायेगा। साथ ही साथ 256 किमी सड़क का निर्माण 161 करोड़ 66 लाख की लागत से बनना है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। जिसका शिलान्यास बहुत जल्द किया जायेगा। पांकी विस क्षेत्र में 80 सड़कों का शिलान्यास भी जल्द किया जायेगा। जबकि 80 सड़क का कार्य अभी भी लटका हुआ है। मेरे कार्यकाल में पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास दिखने लगी है। पूर्व के जनप्रतिनिधि को आड़े लेते कहा कि पांकी विस क्षेत्र में विकास को देखकर घबरा गये हैं जो विकास में स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं। एफडीआर सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो सड़क पर ही धरना दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन कंपनी पांकी विस क्षेत्र में अपना वर्चस्व जमाये हुए था जिसके कारगुजारियों का पर्दाफाश किया तो विभाग ने डिबार करने के लिए पत्र लिखा लेकिन भ्रष्टाचारी सरकार ने ऐसे ठेकेदार व कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की।

# पलामू के कुख्यात स्वर्ण लुटेरा को छतीसगढ़ पुलिस ने दिल्ली से दबोचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- रिमांड पर लेकर की जायेगी पूछताछ : एसपी रीष्मा रमेसन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के रहनेवाला मोनू सोनी उर्फ बुक्की विगत कई वर्षों से झारखंड ही नहीं बिहार, बंगला, उड़ीसा, छतीसगढ़ समेत कई राज्यों के शहरों में स्वर्ण व्यवसायियों से ज्वेलरी लूटने की घटना को अंजाम देता रहा है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर झारखंड समेत कई राज्यों की पुलिस उसके पीछे लगी हुई थी। अंत में छतीसगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोनू सोनी को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मोनू सोनी द्वारा कुछ दिन पूर्व छतीसगढ़ में ज्वेलरी दुकान में लूटकांड को अंजाम दिया गया था। इस मामले में छतीसगढ़ पुलिस इसके पीछे लगी हुई थी।



रीष्मा रमेसन, एसपी पलामू।

इसी दौरान छतीसगढ़ पुलिस ने दिल्ली के पहाड़गंज क्षेत्र से उसे गिरफ्तार किया है। सोना लूटेरा मोनू सोनी झारखंड के पलामू, गढ़वा, गुमला, रांची, जमशेदपुर समेत कई ज्वेलरी दुकान में लूटकांड की घटना को अंजाम दे चुका है। इसके द्वारा रामानुज गंज में लगभग छह करोड़ का ज्वेलरी लूटा गया है। इसके द्वारा बिहार, बंगाल, उड़ीसा समेत कई राज्यों में लूटकांड की घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि इसकी गिरफ्तारी से कई कांडों का उदभेदन हो सकता है। पलामू पुलिस भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। उसके निशानदेही पर चोरी के सामान भी कुछ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि मोनू सोनी को रिमांड पर लिये जाने के बाद उसके कई सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया जायेगा।

### पांकी विधायक ने किया श्रद्धालुओं को कलश देकर जलयात्रा का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- माता रानी की भक्ति में ही शक्ति निहित है : डॉ मेहता



**तरहसी पलामू।** पांकी बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी पंचायत सगालिम के ग्राम परसिया देवी मंडप के प्रांगण में दुर्गा पूजा के नवरात्री के पहले दिन कलश यात्रा का शुभारंभ श्रद्धांलुओं को कलश प्रदान कर किया। कार्यक्रम मे बिधायक ने सभी श्रद्धालुओं को कलश वितरण किया। मौके पर उपस्थित सगालिम पंचायत के मुखिया सुनील प्रजापति, दिलीप साव, रामचंद्र चंद्रवंशी , उपेंद्र मेहता, अमित कुमार, संजीत कुमार चंद्रवंशी, गोलू कुमार, नितेश कुमार, अनूप कुमार, धीरज कुमार चंद्रवंशी,पंकज कुमार, दीपक कुमार, पवन कुमार,शिव कुमार समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे। मौके पर बिधायक डॉ मेहता ने मां जगदंबे से पांकी बिधानसभा क्षेत्र की जनता की खुशहाली सुख सम्पति व शांति की दुआ की। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति मिलती है। कहा कि नवरात्र में भक्तों पर मां दुर्गे की कृपा बरसती है।

### समाज में समरसता बढ़ाने के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी : शशी कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्वच्छता ही सेवा के तहत विभिन्न विद्यालयों में हुई क्विज प्रतियोगिता



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आज समापन किया गया। जिसके तहत शहर के विभिन्न विद्यालय में स्वच्छता और सफाई पर आधारितक्विज प्रतियोगिता कराया गया जिसमें सामाजिक समरसता एवं स्वच्छता विषय पर लिखित परीक्षा लिया गया। रामवि, उर्दू मवि, बक्शी उवि, कन्या मवि हुसैनाबाद आदि स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत किये गये। सफाई कर्मियों को पीपीई किट दिया गया जिसमें टीशर्ट, हैंड ग्लब्स, हैंड वाश, मास्क, टोपी आदि। कार्यक्रम में निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि, डॉ दीपक कुमार, कनीय अभियंता अजित कुमार, अभिजीत दुबे, जेईई बृजलाल यादव, आशीष कुमार, रविकांत पटेल नाजिर अरुणजय कर्मी धीरज कुमार भी थे।

### पुरनी पाटन के शिविर 150 लोगों की नेत्र जांच



**पाटन पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने पाटन प्रखंड के पुरनी पाटन में नेत्र जांच शिविर लगाया। इसका शुभारंभ पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने किया। शिविर में नेत्र भैन के कर्मियों ने 150 महिला एवं पुरुषों का नेत्र की जांच की, जिसमें लगभग 35 लोगों में मोतियाबिंद मिला। मोतियाबिंद मरीजों को स्वास्थ्य विभाग कार्ड बनाकर ऑपरेशन करेगा। मरीजों को उचित सलाह और चश्मा दिया गया। शिविर में औपथलमिक औफिसर चंदन कुमार, अमित, रविन्द्र कुमार, शंभु प्रसाद, लल्लु साव, अवध साव, सूर्यदेव सिंह, मंटु कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने मनायी गांधी-शास्त्री जयंती



**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के पोंची स्थित आवास पर बुधवार को महात्मा गांधी का 155वां तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी का 120वां जनमदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आशीष ने कहा कि इन दोनो महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। तभी इन महापुरुषों के सपनों को साकार कर सकते हैं। मौके पर मनीष कुमार पंसस अशोक राम, भाजयुमो अध्यक्ष पपु सिंह उर्फ ज्योति सिंह, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, उदप सिंह, आरती सिन्हा, रंजु देती अनिता देवी थे।

### स्वच्छ वातावरण ही बेहतर समाज की पहचान : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती पर मेदिनीनगर नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। नगर निगम आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव सहित कई वरीय पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल थे। स्वच्छता अभियान में संत मरियम स्कूल के बच्चो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर निगम प्रशासन और बच्चों ने सामूहिक रूप से गांधी पार्क सहित शहर के अन्य स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही निगम आयुक्त ने स्वच्छता की शपथ दिलायी। अविनाश देव ने कहा कि स्वच्छता को हम सभी अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करें ताकि बेहतर वातावरण का निर्माण हो सके। स्वच्छ वातावरण ही विकास की मूल नींव है।

### मां की आराधना से मिलती है सुख, समृद्धि-शांति : बिट्टू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- मनातू में निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा



**मनातू पलामू।** प्रखंड दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ मनातू पुराना बाजार कमेटी के लोगों ने पांकी के पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कलश मनातू बाजार से थाना होते हुए कुसड़ी नौडीहा यमुआ नदी से जलाभिषेक कर वापस मनातू आये। श्री सिंह ने कहा कि मां की आराधना से सुख समृद्धि व शांति मिलती है। मां की भक्ति कभी खाली नहीं जा सकती। श्री सिंह ने मां भगवती से क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता, सचिव राकेश कुमार, उप सचिव पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष बिपिन प्रसाद थे।

### पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में भी पिंडदान रस्म की शुरुआत

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीमचूल्हा में कोयल नदी के तट पर पितृपक्ष में पितरों को पिंडदान की रस्म अदायगी भी शुरू हो गयी है। चालू पितृपक्ष में भीमचूल्हा शिव मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने कादलकुर्मी व अन्य गांवों के यजमानों का पिंडदान कराया। बताया कि पहली बार यहां कोयल नदी के पावन तट पर 10 से अधिक यजमानों के पिंडदान के रस्म अदायगी पूरी करायी गयी। सर्व पित्र तर्पण श्राद्ध के साथ पितृपक्ष का समापन हुआ। बता दें कि भीमचूल्हा पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

### हुसैनाबाद के सपही में आजादी के बाद अब शीघ्र बनेगी सड़क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- गुरुवार जिप सदस्य राजू मेहता ने किया शिलान्यास, ग्रामीणों में उत्साह



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र देवरी खुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम सपही में आजादी के 77 वर्ष बाद पक्की सड़क का सपना साकार हुआ है। गुरुवार उतरी क्षेत्र जिप सदस्य राजू मेहता ने विधिवत पथ का शिलान्यास किया। जिससे ग्रामीणों में उत्साह व खुशी का माहौल है। यह गांव हुसैनाबाद प्रखंड देवरी खुर्द व हैदरनगर प्रखंड के कुकही पंचायत के सिमरसोत गांव के सीमावर्ती क्षेत्र हैं जिसके बगल से उत्तर कोयल नहर व सोन नदी का क्षेत्र भी आता है। परंतु सड़क न रहने से आज तक कोई उस गांव में प्रवेश नहीं करते थे। मौके पर पंसस अरविंद मेहता, राजस्व कर्मचारी और अमीन हैदरनगर, देवरी ओपी एसआई आदित्य प्रसाद, प्रवीण बिलुंग भी थे।

# श्रीनारायण मल्टीस्पेसलिटी हॉस्पिटल में हुआ तीन मरीजों का मेजर ऑपरेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- डॉ राहुल और उनकी टीम के अथक प्रयास से एक साथ तीन मरीजों की बची जान
- सब भगवान की कृपा का प्रतिफल है : डॉ राहुल अग्रवाल
- श्रीनारायण हॉस्पिटल गंभीर बीमारी, किडनी मरीज की डायलीसिस, घटना, दुर्घटना मामलों में पलामू का वरदान



डॉ राहुल अग्रवाल।

**मेदिनीनगर।** डॉ राहुल अग्रवाल व उनके टीम के अथक प्रयास से एक साथ तीन मरीजों की जान बचाई गयी है। ऑपरेशन डॉ राहुल अग्रवाल के हॉस्पीटल श्रीनारायण मल्टीस्पेसलिटी में तीनों मरीजों का मेजर ऑपरेशन किया गया है। डॉ राहुल अग्रवाल ने बताया कि हॉस्पिटल में दो अक्टूबर की शाम तीन मरीजों को भर्ती कराया है। इसमें एक एक्सीडेंशियल और दो अन्य मारपीट के मामले में घटित हुआ था।

तीनों मरीज को अत्यंत नाजुक स्थिति में भर्ती कराया गया। इसमें एक मरीज कमलेश राम पिता मुखलाल राम को तिलदाग गढ़वा के बिकली मोड़ पर हाइवा की चपेट में आने से माथा में गंभीर चोटें आयी थी जबकि दो अन्य मनिका थाना क्षेत्र के रांकी निवासी अर्जुन मेहता व चमेली देवी पति पत्नी को तलवार से माथा गर्दन और हाथ पर वार कर बुरी तरह से घायल कर दिया गया था। तीनों मरीजों का मेजर ऑपरेशन किया गया। डॉ राहुल ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से तीनो मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। फिलवक्त तीनों मरीज खतरे से बाहर हैं। इस चमत्कार से तीनों मरीजों के परिजनों में खुशी है। बताते चलें कि श्रीनारायण मल्टीस्पेसलिटी हॉस्पिटल गंभीर बीमारी किडनी मरीज का डायलीसिस घटना दुर्घटना मामलों मे पलामू में वरदान बन गया है। अर्जुन महतो सतबरवा थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द गांव निवासी सह मंगर बांध मिडल स्कूल के सहायक अध्यापक हैं।

### गांधी जंयती पर बुढ़ीबीर पंचायत में हुई विशेष ग्राम सभा

# देश में गुलामी के कानून को हटाकर बापू ने बनाया अपना कानून : प्रमोद सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करते अतिथि।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के बुढ़ीवीर पंचायत में ग्राम स्वराज के तहत गांधी जयंती के उपलक्ष में आजादी के 75वां वर्ष बितने के बाद बिशेष ग्राम सभा की गयी। जिसका शुभारंभ जिप सदस्य प्रमोद सिंह, प्रमुख गायत्री देवी, राज्य समन्वयक पदाधिकारी सौरभ भट्टाचार्य, मुखिया अरविंद तिवारी, उपमुखिया लक्ष्मन चौधरी व पंचायत सचिव देवरती सिंह ने किया। मौके पर प्रमोद सिंह ने कहा कि महान आत्मा गांधी जी ने देश को एकजुट कर देश को गुलामी की जंजीर से निकाला था और देश में गुलामी के कानून को हटाते हुए अपना कानून बनाया था तब जाकर गुलामी के जंजीर से पुरी तरह देशवासि मुक्त हुए थे और तब ही से पंचायत चुनाव का प्रथा चला आ रहा है जिसका निर्वहन हम सभी देश वासी कर रहे हैं। जिसका उदाहरण बुढिबीर पंचायत में विशेष ग्रामसभा देखने को मिल रहा है। वहीं प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि गांधी जी ने अपना जीवन गुलामी के जंजीर से देशवासियों को निकालने के लिए जीवन खपा दिया था तब जाकर देशवासी गुलामी से मुक्त हुआ था और तब जाकर देश में अपना कानून लागू हुआ। मौके पर मुखिया अरविंद तिवारी ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर ग्रामीणों में का काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण ढोल मांदर से अतिथि का स्वागत करते दिखे।

# सम्मोहन का दर्द

भारतीय युवा सुनहरे सपनों की आस में दुनिया भर में मारे-मारे फिर रहे हैं। उससे भी ज्यादा दुखद यह कि वे बिचौलियों, दलालों व अपराधियों की साजिश से मानव तस्करी और साइबर अपराधों का शिकार बन रहे हैं। सुनहरे सपने दिखाने वाले ऑनलाइन विज्ञापनों से सम्मोहित होकर हमारे युवा ऐसे आपराधिक जाल में फंस जाते हैं कि वहां से उनका देश लौटना भी संभव नहीं होता। हमारे देश की काली भेड़ें इस साजिश का हिस्सा होती हैं। भारत के हजारों युवा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फंसे हैं और साइबर अपराध करने वाले नियोक्ताओं के चंगुल में फंसकर अवैध गतिविधियों को संचालित करने को मजबूर हैं। यह तथ्य भी कम चिंताजनक नहीं है देश में साइबर अपराध में लिप्त लोग ही हमवतन लोगों को संदिग्ध क्रिप्टोकरेंसी योजनाओं में निवेश करने को लुभा रहे हैं। जनवरी 2022 से मई 2024 तक विजिटिंग वीजा पर कंबोडिया, थाइलैंड,म्यांमार और वियतनाम की यात्रा करने वाले 73000 भारतीयों में 30,000 अभी तक वापस स्वदेश नहीं लौटे हैं। इनमें से आधे से अधिक साइबर गुलाम 20 से 39 वर्ष आयु वर्ग के हैं। उल्लेखनीय है कि इन लापता युवाओं की राज्यवार सूची में पंजाब शीर्ष पर है। इसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का आंकड़ा है। हमारी सरकारे अपने बच्चों को देश में उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देने में विफल हैं। सौभाग्य से भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवा आबादी मिली है मगर हम उन्हें उम्मीदों के अनुरूप काम नहीं दे पा रहे हैं। वहीं यह हमारी कानून व्यवस्था व खुफिया तंत्र की विफलता भी है कि हमारे बच्चे आसानी से साइबर अपराध करने वाले गिरोहों के चंगुल में फंस जाते हैं। हाल ही में कुछ भारतीय युवाओं को म्यांमार के साइबर अपराधियों के अड्डे से मुक्त कराया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9**

**वृष : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7**

**मिथुन : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-2-5-7**

**कर्क : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-4-6-9**

**सिंह : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7**

**तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7**

**वृश्चिक : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7**

**धनु : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9**

**मकर : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7**

**कुंभ : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9**

**मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7**

## कार्टून वर्ल्ड



# केवल कानून से नहीं रुकेगा बाल यौन शोषण






- डॉ सत्यभान

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसके अनुसार ऐसी आपतिजनक सामग्री देखना, रखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है, भले ही सामग्री शेयर न की गई हो। यह निर्णय बाल शोषण को संबोधित करने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में व्यक्तियों की जवाबदेही को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया कि वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का प्रयोग करे।

बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफी सिर्फ. एक अलग, निजी अपराध नहीं है, बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहाँ पीड़ितों- अक्सर कमजोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए ह्यचाइल्ड पोर्नोग्राफीह्न का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया।

> उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई।

इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है, जिससे बाल शोषण के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूती मिली है। इस निर्णय में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा (इरादे) की गहन जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मामले की गंभीरता की पूरी तरह से जाँच की गई है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले जैसे न्यायिक हस्तक्षेप जवाबदेही को बढ़ाते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी के निष्क्रिय उपभोग को भी दंडित किया जाए। बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी परिभाषाओं को मानकीकृत करने में न्यायालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी में बदलाव की सिफारिश करना। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि कानून, बाल यौन शोषण की गंभीरता को प्रतिबिंबित करता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की रिपोर्टिंग को अनिवार्य बनाकर, न्यायिक हस्तक्षेप बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने की समाज की जिम्मेदारी को मजबूत करता है। न्यायिक हस्तक्षेप ,भारत के कानूनी ढाँचे को अंतरराष्ट्रीय मान वली में बदलाव की सिफारिशें वैश्विक बाल संरक्षण मानदंडों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

बाल यौन शोषण से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है-जिसमें न केवल सख्त कानूनी प्रावधान शामिल हों बल्कि सामाजिक जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल हो। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और इंटरनेट अधिक व्यापक होता जाता है, बाल शोषण सामग्री वितरित करने के रास्ते बढ़ते जाते हैं। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

इसलिए, भारत की कानूनी प्रणाली को ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए इन विकासों के साथ तालमेल रखना चाहिए। न्यायिक निर्णय बच्चों की सुरक्षा में सामाजिक भूमिका पर जोर देते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि समाज को ऐसे कृत्यों पर कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए जवाबदेह ठहराए जाएँ। भविष्य के बाल संरक्षण कानूनों के लिए इस तरह के न्यायिक मध्यक्षेप महत्त्वपूर्ण मिसाल कायम करते हैं, जिससे भविष्य में बच्चों को शोषण से बचाने के लिए कानून बनाने का मार्ग प्रशस्त होता है। जवाबदेही के दायरे को व्यापक बनाकर, कानूनी शब्दावली को फिर से परिभाषित करके और सख्त रिपोर्टिंग दायित्वों को अनिवार्य कर, यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करता है। इस तरह के न्यायिक मध्यक्षेप बाल अधिकारों को मजबूत करने और सुभेद्य व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित, अधिक जिम्मेदार समाज सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण हैं।

## लेटर टू एडिटर

### खजाने पर बोझ

**राजनीतिक** पार्टियों की जनता के प्रति जवाबदेही पर जोर देता है। लेखक की चिंताएं बिल्कुल सही हैं–आजकल रेवड़ी बांटने की प्रथा बढ़ती जा रही है, रोकने की जरूरत है। यदि राजनीतिक पार्टियों को जनता को सुविधाएं देनी हैं, तो उन्हें अपने फंड से यह करना चाहिए, न कि सरकारी खजाने से। लोक लुभावने वादे चुनाव जीतने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन इससे सरकारी बजट पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इस पर कोई विचार नहीं कर रहा।

**-रवि, रांची**

### शानदार प्रदर्शन

कानपुर टेस्ट के पांचवें दिन टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की। यह जीत टीम इंडिया के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण थी, क्योंकि उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ कभी न हारने का रिकॉर्ड कायम रखा है। यह उनकी 18वीं शृंखला में रोमांचक जीत है।

**- युगल किशोर शर्मा, हजारीबाग**

## एक्स - ट्वीट

**ट्रांसपोर्ट** नगर के शुरू होने से अब यहां जल्द चहल-पहल नजर आएगी। मुझे विश्वास है कि क्षेत्र के विकास में यह ट्रांसपोर्ट नगर मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि इस जगह से देश के अलग-अलग कोने में आने-जाने की भी व्यवस्था होगी।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**अब** हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# इसलिए आवश्यक है एक देश एक चुनाव

सामयिक

**आर.के. सिन्हा**

**एक** देश, एक चुनाव का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमिटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। मतलब यह कि अब देश में 'एक देश, एक चुनाव' की राह का सारा व्यवधान सारा सस्पेंस दूर हो गया है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने एक वक्तव्य में साफ किया था कि मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में देश का यह सबसे बड़ा चुनाव सुधार लागू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस समारोह के दौरान लाल किले से अपने भाषण में भी एक देश एक चुनाव की वकालत की थी। उनका कहना था कि देश में बार-बार चुनाव से विकास कार्य में बाधा आती है। किसी भी चुनाव की घोषणा होते ही अंतिम रिजल्ट नहीं आने तक कोई नया विकास कार्य शुरू ही नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा था कि 'एक देश, एक चुनाव' के लिए देश को आगे आना होगा। उन्होंने देश के सभी राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया था कि देश की प्रगति के लिए इस दिशा में आगे बढ़े। यहां तक कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से शामिल किया था।

बेशक, एक साथ चुनाव कराने से चुनाव प्रक्रिया पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, क्योंकि कई चुनावों के लिए बार-बार तैयारी और कार्यान्वयन करने की आवश्यकता नहीं होगी। आपको पता है कि कुछ माह पहले देश में हुए लोकसभा चुनाव में कितना खर्चा हुआ? 2024 के लोकसभा चुनाव पर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले करीब दोगुना से भी ज्यादा खर्चा आया। चुनावी खर्च पर रिपोर्ट जारी करने वाली गैर लाभकारी संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अनुमान लगाया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल खर्च 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस तरह देखा जाए तो इस बार दोगुने से भी ज्यादा पैसा चुनाव में खर्च किया गया है। अमेरिका ने भी साल 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। क्या आपको पता है कि 1951-52 में भारत के पहले चुनाव के दौरान महज 10.5 करोड़ रुपये था? चुनाव खर्च का एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया प्रचार पर खर्च किया जाता है। भारतीय राजनेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए असाधारण और नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा। क्योंकि, सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर भी काम का दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान बेहतर ढंग से केंद्रित किया जा सकेगा।

यह जानना जरूरी है कि भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार ही चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने मनमाने ढंग से राष्ट्रपति शासन लगा दिया।

इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी।

# सोशल मीडिया पर फ्लैगिंग के नए चलन से रिश्तों में आती दरार

सामयिक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**आपसी** संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रैंड चल रहा है। पहली बात तो यह कि सोशल मीडिया की तरफ लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल रहा है। सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर कुछ अप्रिय रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से है।

देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वहीं सोशल मीडिया से जुड़े लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किये जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुच रहा है। दरअसल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा है। इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं। इससे पहले साथियों को रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग का लेबल दिया जाता रहा है। हालांकि यह भी नकारात्मक ही है। रेड फ्लैग जहां समस्या से ग्रसित व्यवहार को दशार्ता है तो ग्रीन फ्लैग को अच्छे व्यवहार के रूप में देखा जाता रहा है। यानी आप अपने साथी को लेबल दे रहे हैं और वह लेबल ही साथी का आपके प्रति और आपका साथी के प्रति व्यवहार को दशार्ता है।दरअसल, बेज फ्लैग जैसे रिमार्क से रिश्तों में कड़वाहट आती ही आती है। शिकागो की चिकित्सक मिशेल हर्जोग तो चेतावनी देते हुए कहती है कि ऐसे लेबलिंग से रिश्तों में खटास तय हैं। बेज फ्लैग जैसे लेबल जहां कोई समस्या नहीं हैं वहां भी संभावित समस्या पैदा कर देते हैं। हालाकि यह नए नए ट्रेंड सोशियल मीडिया पर अपने फालोअर्स बढ़ाने और इंफ्लूएसर मार्केटिंग के किये जाते हैं पर इनका असर काफी गहरा देखा जा रहा है।




सोशल मीडिया पर साइबर बूलिंग आम होती जा रही है। साइबर बूलिंग में डराने धमकाने के मैसेजों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से टार्चर किया जाता है। संबंधित व्यक्ति अपने आत्म सम्मान पर ठेस समझता है और इसके कारण अत्यधिक सेंसेटिव व्यक्ति तो तनाव में चला जाता है। इससे उसकी दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। देखा जाए तो सोशल मीडिया आपसी जुड़ाव का माध्यम होना चाहिए पर जिस तरह का ट्रेंड चल रहा है वह जुड़ाव के स्थान पर विलगाव का अधिक कारण बन रहा है। जाने-अनजाने सामने वाले को गहरी ठेस लगती है।

भले हमारी प्रतिक्रिया मजाक में हो रही हो पर सोशल मीडिया पर हमारी प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रियाओं का सिलसिला किस दिशा और हद तक चल निकले इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए हमें सामने वाले की भावनाओं का भी ध्यान रखना होगा। अन्यथा और कुछ नहीं तो संबंधों में अलगाव तय है। ऐसे में सोशल मीडिया को हमें सकारात्मक दिशा में ले जाना होगा। अनपेक्षित प्रतिक्रियाओं से बचना होगा। सोशल मीडिया दरअसल समय काटने या दूसरे को बुली करने का माध्यम नहीं है और ना ही होना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मकता का विस्तार और मोटिवेशन का माध्यम बनना चाहिए ताकि सामाजिक सरोकारों को मजबूती प्रदान की जा सके। इस भागदौड़, ईर्ष्या व प्रतिस्पर्धा की जिंदगी में लोगों को निराशा व तनाव से बाहर लाया जा सके। हमारी प्रतिक्रिया किसी को मोटिवेट करने का माध्यम बने तभी प्रतिक्रिया की सार्थकता है। ऐसे में सोशल मीडिया में नित नए प्रयोग करते समय कुछ अधिक ही गंभीर होना होगा। खासतौर से समाज विज्ञानियों और मनोविश्लेषकों को गंभीरता से ध्यान देना ही होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### नियमित करें व्यायाम : अशोक सिन्हा



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने गुरुवार को चौक-चौराहों पर लोगों के बीच पंपलेट बांटकर मधुमेह बीमारी से बचने का उपाय बताते हुए जागरूकता अभियान चलाया। लायन अशोक सिन्हा ने कहा कि सही समय पर सही मात्रा में खाएं। चीनी, तेल युक्त पदार्थ, केला, अंगूर, आम, धूम्रपान व शराब का सेवन कम से कम करें। साथ ही नियमित रूप से व्यायाम करें। अच्छी नींद ले, खाने में हरी सब्जियां, साग, ताजा फल जैसे नाशपाती, अमरुद तथा पपीता प्राप्त मात्रा में लें। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, डॉ. एमके मंजुल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल सहित क्लब के अन्य लोग शामिल थे।

### भाला फेंक में परी ने जीता गोल्ड



रजरप्पा। सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा की छात्रा परी कुमारी 35वां प्रांतीय खेलकूद में भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीता। विद्यालय में गुरुवार को वंदना सभा में प्राचार्य उमेश प्रसाद ने भैया बहनों को सम्मानित किया। खेलकूद समारोह विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा में आयोजित हुआ था। इस प्रतियोगिता में विद्यालय से सात भैया बहन रिंकी कुमारी दीदी के नेतृत्व में सम्मिलित हुई थी। उमेश प्रसाद ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता भैया-बहनों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। परी की इस उपलब्धि पर उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, कोषाध्यक्ष आशीष झा सहित सभी आचार्य एवं दीदी ने बधाई दी एवं आगे के प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### उत्पाद विभाग ने की छापेमारी



रामगढ़। दशहरा को उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी ने कई क्षेत्रों छापामारी अभियान चलाया। गोला थाना अंतर्गत शोभा लाईन होटल, पुराना सिरका एवं रजरप्पा थाना अंतर्गत मुरुबन्दा एवं रामगढ़ थाना अंतर्गत होटल टी एंड ट्रीट, महादेव होटल, लवली होटल, थालसा होटल, सम्राट होटल, राधा लाईन होटल आदि जगहों से छापामारी कर 48 बोतल बीयर, 10 पीस केन बीयर एवं 50 बोतल विभिन्न ब्रांडों के विदेशी शराब सहित कुल 36 लीटर अवैध बीयर एवं 12 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। शोभा होटल से जीतू महथा, लवली होटल से लवली साव एवं थालसा होटल से कमल किशोर तिग्गा को गिरफ्तार किया गया। मुरुबन्दा के रविन्द्र कुमार, पुराना सिरका के योगेंद्र महतो, सम्राट होटल के संचालक भीम कुमार कुशवाहा एवं थालसा होटल के संचालक विजय कुमार कच्छप के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धारा 47(एं) एवं अन्य धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

### कुजू में माले का सम्मेलन आयोजित



कुजू। झारखंड में अवसरवाद की राजनीति चल रही है। उक्त बातें भाकपा- माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ- दीपांकर भट्टाचार्य ने कही। श्री भट्टाचार्य गुरुवार को कुजू गुरुद्वारा हॉल में माले का मांडू विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय कन्वेंशन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अवसरवादी राजनीति के खिलाफ मांडू विधानसभा को मजदूरों के आंदोलन में बदल दो, किसानों के आंदोलन में बदल दो, आदिवासियों के आंदोलन में बदल दो, छात्र-युवाओं के आंदोलन में बदल दो और महिलाओं के आंदोलन में बदल दो। मांडू विधानसभा व झारखंड की जनता की चाहत और सबों की मेहनत से लाल झंडे की जीत को सुनिश्चित करेंगे। 7 अक्टूबर को इजरायल खिलाफ फिलीस्तीन के पक्ष में समर्थन करते हुए नरेंद्र मोदी का भंडाफोड़ करो कार्यक्रम को हर जगह आयोजित करने की बात कही। कन्वेंशन में सोहराय किस्कू,जानकी शर्मा, महादेव मांझी, जयवीर हांसदा, फरहरी महतो, कांति देवी, मिथलेश सिंह, आर.डी.मांझी, भुनेश्वर बेदिया,पचु राणा, देवकीनंदन बेदिया, हीरा गोप,बसंत कुमार, जगरनाथ उरांव, बैजनाथ मिस्त्री, धनेश्वर तुरी, नीता बेदिया, मालती देवी सहित 500 से अधिक कार्यकर्ता शामिल थे।

### रामगढ़ में मीडिया कार्यशाला आज

रामगढ़। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत रांची पत्र सूचना कार्यालय द्वारा रामगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से 04 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त सभागार में पीआईबी क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वातार्लाप कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और केंद्र सरकार की अन्य प्रमुख योजनाओं पर आधारित इस परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी प्रेस वार्ता के जरिए पीआईबी रांची के मीडिया एवं संचार अधिकारी राजेश सिन्हा एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने गुरुवार को पत्रकारों को दी। इस कार्यक्रम के मुख्य सत्र में विभाग के झारखंड व उड़ीसा राज्य के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा,रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार, झारखंड सरकार के जेरेडा (झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथॉरिटी) विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ आर्यदिप्त जेना और बी.के. दास के अलावा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूद रहेंगे।

### इलाज के दौरान युवक का निधन

बड़कागांव।बड़कागांव प्रखंड के नापोखुर्द के रहने वाले दशरथ राणा उम्र 30 वर्ष, पिता फूलों राणा का आकस्मिक मौत ब्रेन हेमरेज होने से हो गई। इनका इलाज रांची रिम्स में हो रहा था। बताया जा रहा है कि अपने घर अचानक इनका तबीयत खराब हो गया। हाथ पैर और आवाज सब बंद हो गया था। इसके बाद इलाज के लिए रांची ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दशरथ पत्नी, दो बच्चे सहित भारत पूरा परिवार छोड़ गए। इनके मौत पर शोक संवेदना व्यक्त किया गया।शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, सनी गुप्ता, किशन राणा, धनेश्वर राणा, रामनाथ राणा, रामकुमार राणा, लालमोहन राणा, दिनेश राणा, फागुन राणा, हीरालाल साहू, सहित अन्य

# 46 वर्षों से महुडर में हो रही है दुर्गा पूजा

## पहले दिन हुयी मां शैलपुत्री की पूजा

अमित सहाय



कटकमदाग। देशभर में शारदीय नवरात्रि को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा का एक अलग ही महत्व है। लोग देवी मां को प्रसन्न करने के लिए उनकी उपासना कर रहे हैं। मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कटकमदाग प्रखंड के महूडर दुर्गा मंदिर में पारंपरिक अंदाज में दुर्गा पूजा का अयोजन किया जा रहा है। पूजा समिति द्वारा आयोजित 46वां दुर्गा पूजन का आयोजन वैदिक विधि विधान के साथ पूजा समिति के पुरोहित शिशिर कुमार पांडेय एवं आचार्य विद्यापति पांडेय के द्वारा किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति वर्ष 1978 से दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है। यहां हर साल पूजा का आयोजन किया जाता है। यहां पर भजन कीर्तन का आयोजन होता है। पदाधिकारियों के मुताबिक, इस पूजा कार्यक्रम में महुडर के साथ साथ अन्य क्षेत्र के लोग भी बढ़-चड़कर हिस्सा लेते हैं। लोग यहां पर माँ दुर्गा का आशीर्वाद लेने आते है। यहाँ सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, जो अपने आप में एक चर्चा का विषय है। आज के दिन यहाँ कलश के साथ लोगो ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण में मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष शेखर कुमार सिन्हा, सचिव संजीत कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रभु गोप, उपसचिव संजय राम,पूजा प्रभारी रामदुलारे यादव,संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी हरि गोप, जगदीप कुमार सिन्हा , धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, तिलेश्वर रजक,रवि भूषण प्रसाद, डोमन रजक,सुबोध कुमार सिन्हा के अलावे अन्य भक्त गण शामिल हुए।

# अंतराज्यीय एटीएम चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## क्रेटा, वरना और स्कॉर्पियो रामगढ़ पुलिस ने किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ पुलिस ने एटीएम काटकर रुपए चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह के पांच शातिर अपराधियों को दबोचा। उनके पास से चोरी की रकम 1.70 लाख रुपए भी बरामद की गई है। गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अंतर्राज्यीय चोर गिरोह में शामिल अपराधी हरियाणा और बिहार के हैं। गिरफ्तार चोरों में हरियाणा के नूंह जिला अंतर्गत रोजका थाने के रूपाहेडी निवासी आसिफ उर्फ गंजा, बिहार के गया जिला अंतर्गत शेरघाटी थाने के लिवगंज, पुरानी चट्टी निवासी असलम मियां उर्फ बुढ़वा, सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगडीहा गांव निवासी अविनाश गिरी उर्फ विक्की, गुड्डू सिंह और हरपुर छतवा गांव निवासी सुनील गिरी शामिल हैं।

**तीन एटीएम काटकर उड़ाये थे 50 लाख :** एसपी ने बताया कि इस गिरोह ने बिहार और झारखंड में तीन एटीएम मशीन को काटकर 50 लाख रुपए उड़ा लिए थे। रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ से एसबीआई का एटीएम कार्ड कर 1.30 लाख रुपए चतरा जिले में एटीएम कार्ड कर 17.95 लाख और बिहार राज्य के नवादा जिले से 29.50 लाख चोरों ने उड़ा लिए थे। रामगढ़ थाना क्षेत्र में 23 अगस्त को इस गिरोह ने एटीएम मशीन काटकर चोरी की थी। एसपी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम बनाई गई थी। सभी टीम अलग-अलग स्थान पर छापेमारी कर रही थी। एक टीम हरियाणा में थी, तो एक टीम बिहार में। इसके अलावा कोई छपरा और सिवान में घूम रहा था, तो कोई सारण जिले की खाक छान रहा था। लेकिन अंततोगत्वा सभी अपराधी पकड़े गए। सभी अपराधियों के पास से 6 मोबाइल जब्त किए गए हैं। एटीएम से निकाले गए 1.70 लाख रुपए भी बरामद हुए। एसपी ने बताया कि गिरोह के हर सदस्य की चोरी में अहम भूमिका थी। इस टीम में एटीएम काटने वाला मास्टरमाइंड से लेकर रेकी करने वाले सदस्य तक शामिल हैं। शेरघाटी में अपराधियों को असलम मियां के घर मिलती थी पनाह एसपी ने बताया कि बाहर से आने वाले अपराधियों को शेरघाटी में असलम मियां के घर में पनाह मिलती थी।

### चोरी के पैसे से खरीदी गयी थी एक स्कॉर्पियो

एसपी ने बताया कि इस गिरोह ने चोरी की रकम से एक स्कॉर्पियो बीआर 01 एचवाई 3132 खरीदी थी। इसके अलावा हरियाणा से वरना कार एचआर 72 एच 1700 और एक क्रेटा कार बिहार से बरामद किया गया है। क्रेटा कार पर लगाया गया नंबर प्लेट जेएच 09 एजे 8372 फर्जी था। सभी गाड़ियों को रामगढ़ लाया गया है। एसपी ने बताया कि रामगढ़ के बाजारटांड़ में एटीएम काटने के लिए चोर गिरोह के पांच सदस्य आए थे, तो वे हरियाणा नंबर गाड़ी से ही आए थे।

छापामारी में डीएसपी चंदन कुमार वत्स, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय,, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय व अन्य शामिल थे।

### भुरकुंडा में पहले दिन शैलपुत्री की हुयी पूजा



भुरकुंडा (रामगढ़)। या देवी सर्वभूतेषु.....,जय जयंती मंगलाकाली....आदि मंत्रो से भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, पतरातू, सयाल-उरीमारी सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। अवसर है शारदीय नवरात्र का। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिभर साईड सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में गुरूवार पूरे को विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। मौके पर मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अराधना की गई। साथ ही श्री दुर्गा सप्तशती पाठ सहित कई पूजा अनुष्ठान हुए। पतरातू, सयाल-उरीमारी कोयलांचल में भी शारदीय नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष भी भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो में दो दर्जन से अधिक जगहों पर हो रहा है पाठ। जवाहर नगर, बिरसा चौक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, बिरसा चौक, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा शितला मंदिर आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है।

### दीपक प्रकाश ने किया लालबहादुर शास्त्रीजी की प्रतिमा का अनावरण



हजारीबाग। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के विकास राशि से निर्मित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का 120 वां जन्मदिन पर लाल बहादुर शास्त्री चौक छठ तालाब के पास लाल बहादुर शास्त्री का आदमकद प्रतिमा छतरी के साथ का अनावरण दीपक प्रकाश ने किया। हजारीबाग के आम जनता की मांग पर और खासकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय के अनुरोध पत्र पर आदमकद प्रतिमा एवं छतरी का निर्माण करने के लिए अपार हर्ष के साथआभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया। प्रतिमा उद्घाटन कार्यक्रम एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में दीपक नाथ सहाय ललित मोहन प्रसाद शशि भूषण प्रसाद अंजनी कुमार सिन्हा शशिकांत श्रीवास्तव बॉबी प्रसाद शुभम कुमार पीयूष कुमार सनी सौरभ कुमार गौरव रविंद्र ठाकुर राहुल कुमार नरेश प्रसाद गुप्ता अरुण कुमार सिन्हा खलील अंसारी के साथ साथ हजारीबाग के सैकड़ों लोग हुए शामिल।

### एनएसयूआइ के प्रदेश सचिव बने गुलाम सरवर



रामगढ़। एनएसयूआइ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने एनएसयूआई कमिटी के जिला महासचिव गुलाम सरवर को प्रदेश सचिव मनोनीत किया। गुलाम ने कहा कि संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। मैं हर संभव पूरा करने का काम करूँगा। वही बधाई देने वालों में रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व प्रतियाशी बजरंग महतो, एनएसयूआई के ऋतिक सोनी कांग्रेस पार्टी गोला प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, राँची अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष हुसैन खान,राँची अल्पसंख्यक महासचिव डॉ वसीम अकरम, उप मुखिया मगनपुर पंचायत अकबर अंसारी, मुजसम सलीम, धीरेंन्द्र कुमार, ओम कुमार, हसमत रजा सहित कई कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### बरही : सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी के खिलाफ मनोज यादव ने डीसी को लिखा पत्र

बरही। चौपारण से बरही के बीच फोर लेन सड़क निर्माण में लगे निर्माण कंपनी की मनमानी एवं लापरवाही के कारण आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग डीसी व एसपी को पत्र लिखा है। यादव ने कहा कि निर्माण कंपनी एवं एजेंसी के द्वारा जहां तहां सड़क को काट कर छोड दिया है और सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है। जिससे प्रतिदिन हो रहे सड़क दुर्घटना में आम जन का जीवन क्षति पहुंच रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रत्येक माह 15-20 व्यक्तियों की मृत्यु सडक दुर्घटना के कारण हो रही है। यह एक गंभीर एवं चिंता का विषय है। सड़क निर्माण कंपनी और एजेंसी पर कार्रवाई नही की गई तो और कितने लोगों को दुर्घटनाओं से मौत का शिकार होना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने एनएच के अधिकारियों व सड़क निर्माण कंपनी व एजेंसी के अधिकारियो के साथ बैठक कर समस्या का निदान किया जाए। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि 2-3 अक्टूबर की रात दनुवा घाटी में टेम्पो के उलट जाने के कारण एक व्यक्ति मनोज केशरी उम्र लगभग 51 वर्ष पिता बासुदेव केशारी ग्राम दनुआ की मृत्यु हो गई। पुनः उसी रात्री बरही रसोइया धमना मोड़ के निकट कुंदन पण्डेय, होमगार्ड जवान की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई। उसी दिन सुबह टेम्पो से चौपारण से बरही की ओर पढ़ाई करने जा रही तीन बच्चियों रानी कुमारी, राखी कुमरी एवं एक अन्य बच्ची सड़क दुघर्टना में घायल हो गई।

# मां छिन्नमस्तिका मंदिर में नवरात्र की पूजा-अर्चना शुरू

**देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शाब्दिता... नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मंत्रों की गूंज**

रजरप्पा। शारदीय नवरात्र के पहला दिन माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का साधना की गई। सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र में हर ओर वैदिक मंत्रों की गुंज है। यह स्थिति आने वाले आठ दिनों तक बनी रहेगी। मंदिर प्रक्षेत्र के हर कुंडों में या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शाब्दिता.., नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः जैसे मंत्रों की गुंज है। साधकों ने पहला दिन माता शैलपुत्री का आह्वान किया। स्थानीय पूजारी लोकेश पंडा एवं छोटू पंडा के अनुसार, सिद्धपीठ स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र जागृत पीठ माना जाता है। जिसके कारण झारखंड सहित बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित आसपास के अन्य राज्यों से साधक यहां पहुंचकर साधना करते हैं। नवरात्र के पहले दिन कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में भी भक्ति का बयार रही है। कई घरों में भी कलश की स्थापना की गई है। पहले दिन से लोग पूरी तरह से माता की शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है। पूजा पंडालों में भी तैयारी जोर शोर से चल रही है। कारीगर निर्धारित समय पर पंडाल तैयार कर देंगे। बोरिया आश्रम और गिरि बाबा आश्रम में भी कलश स्थापना किया गया है। गिरि आश्रम आश्रमाचार्य रामशरण गिरि के अनुसार, आश्रम में नौ कलश स्थापना कर हर दिन देवी का आह्वान जा रहा है। दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा होंगी। शनिवार को तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी। चौथे दिन रविवार को कुष्मांडा की पूजा होगी।



## एक नजर में

### इंडियन फैशन सूरत कलेक्शन का उद्घाटन



इचाक । नवरात्र के अवसर पर झारखंड ग्रामीण बैंक के फर्स्ट फ्लोर इचाक बाजार में इंडियन फैशन सूरत कलेक्शन का उद्घाटन जिप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने किया। उमेश मेहता ने कहा कि इचाक बाजार में रेडीमेड कपड़ा खुलना गर्व की बात है। अब यहां के लोगों को हजारीबाग नहीं जाना पड़ेगा । इस दुकान में एक से एक ब्रांडेड कपड़ा उपलब्ध है। संचालक राजकुमार मेहता ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में जीरो साइज से ओल्ड व्यक्तियों तक सूरत और मुंबई के डिजाइनर के द्वारा डिजायन किया हुआ कुर्ता ,लहंगा, फ्रंक, कुर्ती,जीन्स, टॉप, सररा एवं शादी विवाह में दुल्हन एवं दूल्हा के लिए स्पेशल ब्रांडेड सूट साड़ी उपलब्ध है।

३ है पी २ : उद्घाटन में शामिल लोग

### कलश यात्रा में योगेंद्र साव हुए शामिल

बड़कागांव। प्रखंड में दुर्गा पूजा मंडपों में पूजा समिति द्वारा शारदीय नवरात्र के अवसर पर विधि- विधान से कलश स्थापित किया गया । अश्विनी दुर्गा पुजा समिति पंकरी बरवाडीह के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा भोक्ता स्थान मंदिर से निकाल कर ग्राम भ्रमण किया गया। कलश में जल भरकर सभी कलशधारी मंडप पहुंचे और भक्ति भाव से पुजा कर कलश स्थापित किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक निर्मला देवी भी शामिल हुई। पूजा समिति ने दोनों को भगवा वस्त्र से स्वागत किया। पूर्व मंत्री ने मां दुर्गा से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले गणेश यादव



बरही। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गणेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हजारीबाग में शिष्टाचार मुलाकात की। गणेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया और उनके नेतृत्व में देश के विकास और प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपने क्षेत्र के लोगों की भावनाओं और आकांक्षाओं से भी अवगत कराया। भाजपा नेता गणेश यादव ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और उनकी विकासशील सोच देश को नई ऊँचाइयों तक ले जा रही है। मुझे उनसे मिलकर बेहद प्रसन्नता हुई। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं उनसे मिल सका। यह मुलाकात न केवल गणेश यादव के लिए, बल्कि उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों के लिए भी गर्व का क्षण है।

### होमगार्ड जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

बरही। रसोइया धमना में बुधवार रात करीब 1 बजे सड़क दुर्घटना में बाइक सवार होमगार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान चतरा मयूरहड निवासी 30 वर्षीय कुंदन कुमार मुंडा के रूप में हुई, जो पारस मुंडा के पुत्र थे। सूत्रों के मुताबिक कुंदन कुमार मुंडा अपनी मां की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर घर जा रहे थे। इसी दौरान रसोइया धमना मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कुंदन कुमार चंदवारा डीवीसी में होमगार्ड के रूप में तैनात थे। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कलश यात्रा में शामिल हुये मनोज यादव

बरही। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड़ बरही, पटना रोड बरही और करियातपुर मंदिर के प्रांगण से नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल होकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र के लोगों के सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। कलश यात्रा बरही चौक होते हुए सूर्यमंदिर स्थित नदी घाट पर पहुंची। जहाँ आचार्य द्वारा जल संकल्पित कराकर मंदिर में कलश स्थापना कराई गई। साथ ही मधुरंजन द्वारा सतचंडी यज्ञ की शुरूआत कलश स्थापना कर की गई। मनोज यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। भक्ति के रंग में भक्तजन सराबोर है। माता की कृपा क्षेत्र वासियों पर बनी रहे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, आजसू नेता सह सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, गया रोड पूजा कमिटी के उदय केशरी, शिवा निषाद, मुकेश मधेसिया, अभिषेक निषाद, विनोद केशरी, सुजीत कुमार, पप्पू केशरी, शैलेन्द्र कुमार, पटना रोड पूजा समिति के भगवान केशरी, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, भुनेश्वर साहू, दिनेश कुमार उर्फ पप्पू मुखिया, महेंद्र केशरी, राजेश साव, रोहित साव, सुबोध केशरी, राजेश केशरी, अशोक केशरी, प्रदीप पाण्डेय, करियातपुर पूजा कमिटी से प्रमोद केशरी, भीम केशरी, कैलाश केशरी, पवन केशरी, भाजपा नेत्री किरण वर्मा, चन्दन केशरी, उप मुखिया संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापती, संतोष केशरी, गौतम केशरी, अभिषेक केशरी, शिक्षक राजकुमार रविदास, कमलेश कुशवाहा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### अग्रवाल समाज ने निकाली शोभा यात्रा



कटकमसांडी। महाराज अग्रसेन की जयंती पर कटकमसांडी के अग्रवाल समाज में भव्य शोभा यात्रा निकाली। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज कई तरह के कार्यक्रम करता है। इसमें प्रखंड भर के अग्रवाल समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मोटरसाइकिल और गाड़ियों में सवार होकर लोगों ने कटकमसांडी भर में रैली निकाली। यह रैली चट्टी से लेकर चौक, होते हुए अग्रवाल भवन पर समाप्त हुई। अग्रवाल समाज के अजय अग्रवाल और अनुराग मित्तल उर्फ सीकू अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष अग्रसेन जयंती के अवसर पर यह शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के लोग हिस्सा लेते हैं और एकता का संदेश देते हैं। इसमें युवा और बुजुर्ग महिला सब हिस्सा लेते हैं। आने वाले दिनों में भगवान अग्रसेन की भव्य आरती और शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। मौके पर अजय अग्रवाल,बिनोद अग्रवाल,रंजीत अग्रवाल, बेभो अग्रवाल, अनुराग मित्तल उर्फ सीकू अग्रवाल,रोहित अग्रवाल,मनोज अग्रवाल,विकाश अग्रवाल,नंदकिशोर अग्रवाल,चंदू अग्रवाल, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### चरही में धूमधाम से शुरू हुयी दुर्गा पूजा

चरही। चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र के चरही,जरबा,तापीन साउथ, तापीन और प्रेमनगर में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।पहले दिन गुरुवार को महालया और कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया है। पहले दिन की पूजा-अर्चना विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ नवदुर्गा की प्रथम स्वरूप भगवती शैल पुत्री की गई।पहले दिन से ही शंखनाद से वातावरण गुंजने लगा है।पूजा -अर्चना और महाआरती संपन्न होते हीं लोगों के बीच प्रसाद और पंचामृत का वितरण किया गया।ग्रामवासी भक्तिमय में लीन होने लगे हैं। घर-घर में कलश स्थापन कर नवदुर्गा की पूजा कर रहे हैं।चरही में कीर्त्तन, प्रवचन और सांस्कृतिक आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है।

स्पीड न्यूज

## राजद प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**डोमचांच (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड इकाई की बैठक मो. असलम की अध्यक्षता में खरखार पंचायत के पहाड़पुर प्राथमिक विद्यालय के समीप की गई। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ कमिटी का निर्माण, सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पंहुचाने आदि को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर मो. सेराज, मो. फिरोज, मो. सुलेमान, मो. इकबाल, असगर अंसारी, मो. अनवर, मो. इदरीश आदि मौजूद थे।

## अवैध ढिबरा लदा बोलेरो जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा से वन विभाग व डोमचांच पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर गुरुवार सुबह अवैध ढिबरा लदा एक बोलेरो जप्त किया है। वहीं वाहन चालक मौके से भागने में सफल रहा। रेन्जर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कालीमंडा की ओर से एक बोलेरो में अवैध ढिबरा लोड कर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद डोमचांच पुलिस और वनकर्मी की मदद से छापेमारी टीम का गठन कर एक बोलेरो को कालीमंडा के पास रुकने का इशारा किया गया, मगर चालक बोलेरो को और स्पीड कर भागने लगा, तभी टीम के द्वारा बोलेरो का पीछा किया गया। जिसके बाद भीड़ का फायदा उठाकर चालक वाहन छोड़ भागने में सफल रहा। जिसके बाद वाहन की जांच करने पर बोलेरो में डेढ़ क्विंटल अवैध ढिबरा लोड पाया गया, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार आंकी गई है।

## शारदीय नवरात्रि में प्रतिदिन भंडारा का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित सावर्जनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा लगातार तीन वर्षों से शारदीय नवरात्रि पर्व में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होते आ रहा है। वहीं गुरुवार की सुबह बागेश्वर धाम से आई कथा वाचिका रजनी देवी के आगमन पर दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प माला और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष मुंशी वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बागेश्वर धाम (मध्य प्रदेश) से चल कर आई श्रीमद्भागवत कथा के कथा वाचिका रजनी देवी का कथा 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलेगा। कथा एवं झांकी की प्रस्तुति शाम 7 बजे से 10 बजे रात तक प्रत्येक दिन किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन कथा समाप्ती के बाद भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।

## नवरात्र पूजा पाठ कलश स्थापना के साथ शुरू

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में शारदीय दुर्गा पूजा कलश स्थापना के साथ गुरुवार से शुरू हो गई है। इसके साथ ही प्रखंड के विभिन्न दुर्गा मंडपों एवं लोगों के निवास स्थलों पर विधि विधान के साथ नवरात्र पूजा पाठ का दौर शुरू हो गया।

# मां दुर्गा की भक्ति में डूबा भद्रकाली मंदिर, भक्तिमय माहौल

### मंदिर में स्थापित किए गये हैं 6 दर्जन से अधिक कलश

पंकज सिंह

**चतरा/इटखोरी।** माता के इस पवित्र दरबार में दुर्गा सप्तशती श्लोक और पाठ के मंत्रोच्चार भी गुंजायमान होने लगे हैं। चहुंओर भक्ति की बयार बहने लगी है। नवरात्र के पहले दिन गुरुवार की अहले सुबह चार बजे मां भद्रकाली की श्रृंगार पूजा हुई।

माता की प्रतिमा को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का रूप दिया गया। श्रृंगार पूजा के बाद घी के दीये व कपूर से मां भद्रकाली की महाआरती उतारी गई। इस दौरान मां भद्रकाली का दरबार माता रानी के जयकारे से गूंजता रहा। श्रृंगार पूजा में शामिल श्रद्धालुओं के रोम-रोम पुलकित हो उठे।

उसके बाद धार्मिक विधान से मंदिर के गर्भ गृह में शुभ मुहूर्त पर शारदीय नवरात्र का कलश स्थापित किया गया। नवरात्र का पहला कलश मंदिर प्रबंधन समिति ने स्थापित किया। मंदिर प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य सीताराम सिंह तथा केयरटेकर नागेश्वर यादव ने मंदिर के पुजारियों की देखरेख में नवरात्र का कलश स्थापित किया।

उसके बाद भक्तों ने मंदिर के प्रथम कच्छ एवं परिक्रमा बरामदे में नवरात्र का कलश स्थापित किया। कलश स्थापना के बाद नवरात्र के पहले दिन मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पहला पाठ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर में कलश स्थापित करने वाले भक्तों के अलावा दूरदराज के श्रद्धालु भी माता का दर्शन और पूजन करने के लिए मंदिर परिसर में पहुंचे। कई श्रद्धालु ढोल लेकर माता के दरबार में पधारे।

नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के पूजा पंडालों में भी भक्ति भाव के साथ नवरात्र के कलश स्थापित किए गए। प्रखंड में नगर मोहल्ला के टाल पर, इटखोरी बाजार, परोका बगीचा, करनी चौक, पितीज व गुल्ली गांव तथा तुम्बी चौक के भी पूजा पंडालों में नवरात्र का कलश स्थापित हुआ। इसके अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी मां दुर्गा की आराधना व उपासना के लिए नवरात्र का कलश स्थापित किया।

इटखोरी भद्रकाली मंदिर में दूर दराज से साधकों का जुटान हुआ है, जो पूरे नौ दिन माता के अनुष्ठान में साधना में लीन रहेंगे। इसके अलावा चतरा के हंटरगंज स्थित मां कौलेश्वरी और पत्थलगड्डा के लेंबोइया माता मंदिर में भी आराधना आरंभ हो गई।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर बीडीओ सौरव कुमार व थाना प्रभारी विजय गुप्ता के संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कई जनप्रतिनिधि समेत अन्य लोगों ने हिस्सा लिया और त्योहार को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गयी। वहीं बीडीओ ने कहा कि पूजा समारोह सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार ही आयोजित किये जायें। साथ ही पूजा पंडाल में डीजे पर पूर्ण रूप पाबन्दी की बात कही। वहीं थाना प्रभारी ने पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही। साथ ही पंडाल व मेले में बिजली की समुचित व्यवस्था हो। वहीं उन्होंने कहा कि पूजा में अगर किसी प्रकार के असामाजिक तत्व विघ्न डालने की कोशिश करे तो पूजा समिति के सदस्य तुरन्त इसकी सूचना थाना को दें।

## सेक्रेड की छात्रा रूपा को राष्ट्रीय स्तर पर एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी अवार्ड से किया जायेगा सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल कक्षा 10-बी की छात्रा रूपा पांडे ने एक बार फिर अपने हुनर का परचम लहराया है। जापान ऑन कैनवास प्रतियोगिता के 10वें राष्ट्रीय संस्करण में जहां देशभर के 219 प्रतिष्ठित स्कूलों से कुल 5237 छात्रों ने भाग लिया, रूपा की पेंटिंग को विशेष रूप से सराहा गया और उसे एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा हुई है। प्रतियोगिता का आयोजन एक्सपीरियंस जापान द्वारा किया गया, जिसके अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने बच्चों की अद्वितीय रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कई चित्रों को अपने सोशल मीडिया और वेबसाइट पर साझा किया। सेक्रेड हार्ट स्कूल से इस प्रतियोगिता में 62 छात्रों का चयन हुआ था, जिनमें से रूपा पांडे के अलावा कैटेगरी-01 में दिव्यांक श्रेष्ठ, अद्रिजा बिस्वास, रचत सिंह, अंकुर कुमार गौतम, अवनी सिंह, अंश वर्मा, आर्यन श्रीवास्तव, उर्वी कुमारी, अन्वी मोदी, सृष्टि प्रिया सिंह, आध्या तेजस्वी, शिशिरकाना, अवनी कुमारी, शिवानी कुमारी, सना प्रवीण, एसएच रेया कुमारी, दीपराज सिंह, अंकित कुमार, रागिनी कुमारी, साक्षी कुमारी, सौम्या विश्वकर्मा, प्रियंजल कुमार श्रीवास्तव, श्रवण शर्मा, अश्वनी कुमार, अंकुश यादव, मंगल पांडे, प्रिंस कुमार, फलाह बहबूद, वंदना रानी, अंजेल अनुशा, दिव्यांशु बी हार्टी, अंशू कुमार, अंकिता पटेल, श्रेयांश साहा, अपराजिता सिंह, खुशी कुमारी, मेघा पंत, संतोषी पंडित, पी. केर्न्सलिन महिमा, अवंतिका, श्रेया, प्रत्युषा शर्मा, कैटेगरी-02 में हर्षिका सोनी, अभिनव कुमार, ऋचा कुमारी, साक्षी राज, आर्यन कुमार सिंह, प्रतिष्ठा सिंह, साक्षी यादव, सेजल सिंह, सार्थक कुमार, आनंदी सिंह, सरीम कयूम, परी कुमारी, लक्ष्य कुमार, जीतू कुमार, पीयू बिस्वास, तथा कैटेगरी-03 में हंशिका रानी, आकांक्षा कुमारी जैसी प्रतिभाएं शामिल थीं।

## चतरा बस स्टैंड की बदहाली, सड़क गड्ढों में तब्दील, जिम्मेदार बने मौन

**चतरा।** चतरा का एकमात्र बस स्टैंड इन दिनों जानलेवा हो गया है क्योंकि सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में आने-जाने वाली बसों के पहिये तक समा जा रहे हैं, जिससे छोटे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। लगभग हर दिन कोई न कोई वाहन इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है और लोग घायल होकर अस्पताल पहुँचते हैं। बारिश के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाता है। बारिश में बदतर हुई सड़क के चलते यहां से गुजरना चुनौतीभरा साबित हो रहा है। ऐसे में प्रतिदिन हजारों लोगों को हिचकोले खाते हुए सड़क पार करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सड़क को बनवाना संभव नहीं है, तो कम से कम बस स्टैंड के इन गड्ढों को भरवा दिया जाए, जिससे दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके और लोगों की जान बच सके।

## नाबालिग की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

### दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नाबालिक की हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने गुरुवार को आरोपी 58 वर्षीय सुरेश नाथ गोस्वामी मरकच्चो निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 201 आईपीसी में दोषी पाते हुए 3 वर्ष की सजा सुनाई है, सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला 14 अक्टूबर 2023 का है, इसे लेकर मरकच्चो थाना में मृतक के दादा इंद्रदेव नाथ गोस्वामी ने मामला दर्ज कराया था। बाद में बच्चे का शव हत्या कर तालाब में फेंका हुआ पाया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पीपी एंजेलिना वारला एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयों का अवलोकन करने के उपरांत उपरोक्त अभियुक्त को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना भी लगाया। वहीं न्यायालय ने 201 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए उपरोक्त अभियुक्त को 3 वर्ष की सजा सुनाई।

## सनातन धर्म में है शांति और जनकल्याण की भावना : जिप उपाध्यक्ष

### चतरा जिप उपाध्यक्ष को सनातन धर्म सभा ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** विश्व शांति और जनकल्याण की भावना सनातन धर्म में निहित है। हमारी पहचान अपने मातृभूमि भारत देश एवं अपने धर्म और संस्कृति से है। अपनी पहचान को बनाए रखने के लिए हम सभी को सनातन धर्म के प्रति आस्थावान होना होगा। उक्त बातें चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने कही।

वे इटखोरी के भद्रकाली मंदिर परिसर में सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के द्वारा सम्मान समारोह के मौके पर बोल रहे थे। मौके पर सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के द्वारा सनातन धर्म के प्रति समर्पण, समर्थन तथा सहयोग एवं धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भूमिका निभा रहे जिप उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी को सम्मानित किया गया। सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने श्री तिवारी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया तो उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी ने पगड़ी देकर एवं महासचिव राजीव रंजन ने तलवार देकर सम्मानित किया। मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने सनातन धर्म के प्रति निष्ठा रखने के लिए श्री तिवारी को हृदय की गहराइयों से आभार एवं साधुवाद एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

कहा कि के बिरजू तिवारी जैसे व्यक्तित्व के कारण ही सनातन धर्म आगे बढ़ रहा है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि वैदिक सनातनी संस्कृति के मूल्यों को सभी समाज में स्थापित किया जाना चाहिए।

सनातन धर्म सभा की सराहना करते हुए कहा कि सनातन धर्म सभा ने अनेक प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व सामाजिक समारोह आयोजित कर सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही है। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक राम प्रकाश तिवारी, महासचिव राजीव रंजन, संरक्षक मुनींद्र नाथ दुबे मौजूद थे।

एक नजर में

## कलश यात्रा के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत गांव में मां भवानी माता दुर्गा की भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मुखिया सुमीरा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, अध्यक्ष दिनेश भारती, सचिव रामशीष यादव और लक्ष्मी पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व में लगभग 300 कलशधारियों ने दुर्गा मंडप से चलकर नदी घाट तक यात्रा की, जहां पूजा-अर्चना के साथ जल उठाया गया। इसके बाद, कलशधारी पूरे गांव में भ्रमण करते हुए पुनः दुर्गा मंडप पहुंचे, जहां कलश स्थापना की गई और मां भवानी दुर्गा माता की पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर पुजारी आदित्य ताम्रकार, सरजू यादव, प्रदीप साहू, शिवकुमार यादव, मुनेश्वर यादव, प्रसादी पासवान, गोविंद दांगी, तोखलाल साहू, देव कुमार साव, सुनील कुमार महतो, आशीष कुमार दांगी, भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी, तीरथ साव, आदित्य भारती, विनोद साव, रोहित कुमार दांगी, संजय साहू, मनोज साहू, कर्मधारी रजक और पूजा समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपभोक्ताओं के बीच बंटा बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** झारखंड सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बकाया घरेलू बिजली बिल माफ कर दिए हैं।

इस योजना के तहत, प्रखंड के लगभग दो दर्जन बिजली उपभोक्ताओं को बिजली माफी प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। घर-घर जाकर बिजली बिल माफी के प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। अगस्त माह 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ किए गए हैं। बिजली उपभोक्ता राधेश्याम गुप्ता, जानकी प्रसाद गुप्ता, कृष्णा कुमार गुप्ता, लहेश प्रसाद सिन्हा, अजीत कुमार मिश्रा सहित लगभग 2 दर्जन उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी के प्रमाण पत्र बांटे गए हैं। बिजली माफी का प्रमाण पत्र पाकर उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल है और उन्होंने झारखंड सरकार का आभार व्यक्त किया है। इस प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, ऊर्जा मित्र मनीष कुमार, प्रगुण कुमार, जाहिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर तिलैया थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा पंडाल समिति के लोगों को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर प्रशासन की ओर से कई दिशा निर्देश एवं मानकों का आवश्यकता के अनुरूप पालन करने का निर्देश दिया गया, वहीं थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर थाना प्रभारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी धर्मों के लोग उपस्थित हुए।

वहीं थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान आप सभी भाईचारे का परिचय दें, पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही पुलिस के जवानों के द्वारा पेट्रोलिंग किया जाएगा। वहीं पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा से नजर रखा जाएगा।

# मां दुर्गा का एक अनोखा स्वरूप, मां दुर्गा को सिंदूर चढ़ाना वर्जित, गलत मंशा से पहुंचने वालों को भंवरा डंक मारकर कर देते हैं लहूलुहान

### राजा काली प्रसाद सिंह को मां चंचालिनी के आशीर्वाद से हुई थी पुत्र रत्न की प्राप्ति

मो. शाहीद

**डोमचांच (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कानीकेंद मोड़ से करीब 7 किलोमीटर दूर पहाड़ों और जंगलों के बीच स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चंचालिनी धाम लोगों का आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के मौके पर मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। लेकिन चंचालिनी धाम में मां की 10वें स्वरूप यानी की कन्या स्वरूप की भी पूजा होती है। यहां मां दुर्गा को श्रृंगार तो चढ़ाया जाता है, लेकिन सिंदूर चढ़ाना पूरी तरह से वर्जित है। यहां नवरात्र के अवसर पर भव्य रूप से नौ दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर समिति की ओर से साफ सफाई पूरी तरह से मुकम्मल कर ली गई है। नवरात्र में चंचालिनी धाम में दूर-दूर से लोग पूजा अर्चना के साथ ही अपनी मन्नत को मांगने के लिए धरना भी देते हैं। वैसे तो सालोंभर यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन नवरात्र के समय में यहां पूजा व दर्शन का खास महत्व माना जाता है। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी ख्याति मां वैष्णो देवी की तरह दिया है। यहां कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, नवादा, बंगाल, दिल्ली समेत कई राज्यों के लोग नवरात्र के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए आते हैं।

400 फीट ऊंची चंचाल पहाड़ी पर मां चंचालिनी विराजमान है। जिसका सफर सीढ़ीयों से शुरू होता है। खड़ी पहाड़ी होने के बावजूद श्रद्धालु श्रद्धा और भक्ति से इस पहाड़ पर चढ़कर मां के दरबार पहुंचते हैं। जहां मां दुर्गा की स्थापित पिंड का श्रद्धालु पूजा करते है। हालाकि 300 फीट की चढ़ाई के बाद सीढ़िया का सफर खत्म हो जाता है। जिसके बाद 100 फीट की चढ़ाई श्रद्धालु पाइप के सहारे रेंगते हुए चढ़ते हैं। कष्टदायक सफल होने के बाद भी श्रद्धालु श्रद्धा के साथ मां चंचाल धाम पहुंचते हैं। जहां श्रद्धालु मां के दरबार में घुटनों के बल रेंगते हुए अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए मां के धाम में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। चंचला पहाड़ी लगभग 40 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 200 वर्षों से अधिक समय से यहां पूजा हो रही है। वर्तमान में यहां श्रद्धालुओं के द्वारा दुर्गा मंडप, यज्ञ मंडप, विवाह मंडप सहित कई भवनों का निर्माण के साथ-साथ पहाड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी का भी निर्माण कराया गया है। लोगों की मान्यता है कि देवी के दर्शन व पूजा से उनकी हर मनोकामना पूरी होती है।

वहीं हृदय नारायण पाण्डेय ने कहा की चंचाल धाम की बहुत पुरानी गाथा है। 1648 के लगभग में जब देवीपुर के राजा इस घनघोर जंगल में शिकार खेलने आए हुए थे। नीचे से ही इस पहाड़ी पर राजा को साक्षात शेर पर सवार मां दुर्गा का दर्शन हुआ था। इसके बाद राजा को आभास हुआ कि यहां पहाड़ पर मां दुर्गा बसे हुए हैं, लेकिन उसे समय पहाड़ पर चढ़ने का कोई साधन नहीं था। इसके बाद राजा जगत नारायण सिंह ने अन्य लोगों और अपने पुरोहितों के साथ रहते हुए इस पहाड़ पर चढ़कर पूजा अर्चना शुरू किए तो पूजा करने के दौरान ही साक्षात मां दुर्गा के स्वरूप में दो जोड़े शेर पूजा स्थल पर खड़े हो गए थे। इसके बाद दर्शन के बाद स्वतः अपने आप चले गए। वहीं देवीपुर के राजा को मां चंचालिनी ने स्वप्न में आकर उक्त पहाड़ में वास कराने की बात कही थी। इसके बाद राजघराने के द्वारा माता की पूजा-अर्चना शुरू की गई। तब से यहां राजा के परिवार व स्थानीय लोगों द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है। शुरुआत में यहां दो ब्राह्मणों के द्वारा पूजा की जा रही थी, अभी फिलहाल यहां 30 ब्राह्मण हैं जो मां दुर्गा की पूजा करते हैं। वहीं इस जगह मां दुर्गा के कन्या स्वरूप की पूजा होती है। इस मंदिर में मां को सिंदूर चढ़ाना वर्जित है। यहां दूर-दराज से आनेवाले श्रद्धालु अपने कष्ट व थकान को भूलकर मां चंचालिनी के दर्शन से धन्य होते हैं। साथ ही प्रकृति की मनोरम वादियों को घंटों निहारते हैं।



20वीं सदी के नौवें दशक तक लोग इस बीहड़ जंगल में प्रवेश करने से भी डरते थे, लेकिन साल 1956 में झरिया की राजमाता सोनामति देवी ने इस मंदिर तक पहुंचने के लिए एक कच्चा रास्ता बनवाया था। उस दौरान उन्होंने पहाड़ के कठिन रास्ते पर लोहे की दो भारी-भरकम सीढ़ियां लगवाई। हालांकि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए अब मुख्य सड़क से चंचाल पहाड़ी तक पक्की सड़क बनाई गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, झरिया के राजा काली प्रसाद सिंह को शादी के कई वर्षों तक संतान सुख नहीं मिल रहा था। उस दौरान मां चंचालिनी के दरबार में मन्नत मांगने के लिए 1956 में अपनी पत्नी सोनामती देवी के साथ मां के दरबार में जंगल के बीच दुर्गम रास्तों से होकर पहुंचे थे और राजा काली प्रसाद सिंह को मां चंचालिनी के आशीर्वाद से पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी।

ऐसी मान्यता है कि जो भी लोग गलत उद्देश्य लेकर इस चंचाल पहाड़ पर चढ़ते हैं, उन पर भंवरे के द्वारा आक्रमण कर दिया जाता है। वहीं कहा जाता है कि गलत मंशा से पहुंचने वालों को भंवरा डंक मारकर लहूलुहान कर बेहोश कर देते हैं। मां चंचालिनी के दरबार में श्रद्धालु बिना जल ग्रहण किए ही पहाड़ पर चढ़ते हैं और माता की पूजा में प्रसाद के रूप में अरवा चावल, नारियल और मिश्री चढ़ाते हैं। पूजा स्थल से हटकर दीपक जलने वाली गुफा में ध्यान से देखने पर माता के सात रूप पत्थरों पर उभरे नजर आते हैं। यहां की देखरेख मां चंचालिनी विकास समिति के द्वारा किया जा रहा है। जिसमे मुख्य भूमिका अध्यक्ष भागीरथ सिंह, सचिव गोविंद यादव, कोषाध्यक्ष छोटेलाल पांडे, देवकी राय, सुखदेव राय, नूनमन सिंह, रामेश्वर मुर्मू, संजय पंडित, विनोद राय, रामदेव यादव, रूपन यादव, बीरेंद्र कुमार राय, पप्पू पांडे, पप्पू पांडे, शैलेंद्र पांडे, दीपनारायण पांडे, संतोषी पांडे आदि निभा रहे हैं।

### 51वें श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का मंत्री व इंदर सिंह नामधारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

# रामचरित मानस का हर एक श्लोक एक ग्रंथ है: बैद्यनाथ राम

- परोपकार से अच्छा और बड़ा कोई धर्म नहीं है और दूसरों के अहित से बड़ा कोई पाप नहीं है: नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी गुरुवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन शहर के अंबाकोठी परिसर में आयोजित 51वें श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के उदघाटन में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने संबोधित करते कहा कि परोपकार से अच्छा और बड़ा कोई धर्म नहीं है और दूसरों के अहित से बड़ा कोई पाप नहीं है। रामचरित मानस मे वर्णित हर एक चरित्र अनुकरणीय है। आगे कहा कि महिलाओं को शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर महिलायें जागरुक एवं सजग हो तो समाज में परिवर्तन होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम धर्म के प्रति निष्ठावान हैं, उसी प्रकार समाज एवं राष्ट्र के प्रति भी निष्ठावान होना होगा। मौके पर आयोजन समिति के मुख्य सरंक्षक व स्थानीय विधायक सह मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि रामचरित मानस का हर एक श्लोक एक ग्रंथ है। अगर हम रामचरित मानस के किसी भी चरित्र को अपने अंदर उतार लें तो हमारा जीवन सफल हो जायेगा। उन्होने 51 वें अधिवेशन की सफलता के लिए शुभकामनायें दी और तन, मन व धन से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह ने कहा कि समिति ने सीमित संसाधनों में यह आयोजन प्रारंभ किया था, लेकिन आज यह आयोजन भव्य रुप ले चुका है। यह आयोजन वर्ष 1974 में प्रारंभ किया गया था और आज तक बिना किसी विघ्न के यह आयोजन सफल होता आ रहा है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई अनुष्ठान पूर्ण नहीं होता है। इससे पहले श्री नामधारी एवं मंत्री श्री राम समेंत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर 51 वें अधिवेशन का शुभारंभ किया। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित अनिल शास्त्री एवं अशोक कुमार महलका ने किया। मंच का संचालन सुनील कुमार शौंडिक और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विशाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर महासमिति के रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुबोध प्रसाद सिंह, मदन प्रसाद, संतोष कुमार अग्रवाल, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, राजू सिंह, दुर्गा प्रसाद, जर्नादन प्रसाद, प्रकाश मोहन अग्रवाल, अनिल प्रसाद आदि मौजूद थे।


फीता काटकर शुभारंभ करते मंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष।

#### श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए बैजनाथ मांझी और मदन प्रसाद ने किया नि:शुल्क भूमि दान

आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका ने बताया कि शहर के बानपुर रोड में तालाब के पास श्रीराम मंदिर व श्रीराम दरबार का निर्माण कराया जायेगा। मंदिर निर्माण के लिए तालाब के अगल बगल में अविस्थत अपनी भूमि स्वेच्छा से दान देने की घोषणा भूमि स्वामी बैजनाथ मांझी और मदन प्रसाद ने किया। श्री नामधारी ने इनका माल्यापर्ण कर स्वागत किया। उन्होने बताया कि शीघ्र ही मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। उन्होने इसके लिए तन मन व धन से सहयोग करने की अपील की।

## बिजली की तार को नुकसान पहुंचाने वाले को 18 महीनों का कारावास

- अदालत ने महज 9 महीने में मामले को किया निष्पादित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने बिजली की तार को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधी गुप्तेश्वर यादव को अधिकतम 18 महीनों का कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है। जानकारी के अनुसार कनीय अभियंता अंकित कुमार ने मनिका थाना कांड संख्या 105/ 2021 दिनांक 22 अक्टूबर 2021 को मनिका थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमा में बताया गया था कि आरोपी गुप्तेश्वर यादव गत 22 अक्टूबर 2021 को 11 हजार वोल्ट की बिजली तार के पास स्थित सेमल का पेड़ काट रहा था। पेड़ की टहनी तार पर गिर जाने से 11 हजार लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अदालत ने मामले पर संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध दिनांक 12 जनवरी 2024 को भादवि की धारा 427 और 3 डैमेज ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत आरोप गठन किया था। अभियोजन पदाधिकारी रविंद्र नाथ चौरसिया के द्वारा अदालत में कुल छह गवाहों को पेश किया गया। गवाही के उपरांत श्री शर्मा की अदालत ने गुप्तेश्वर यादव को दोषी ठहराया। श्री शर्मा की अदालत ने भादवि की धारा 427 के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 जुमार्ना एवं जुमार्ना नहीं भरने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त कारावास एवं तीन डैमेज आफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत 18 महीनों की कठोर कारावास एवं 10 हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में चार माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाया है। श्री शर्मा की अदालत ने सभी सजाए साथ-साथ चलने का आदेश जारी किया है। मालूम हो इस मामले का स्पीडी ट्रायल कर अदालत ने महज नौ महीनों के अंतराल में मामले को निष्पादित किया है। इस मामले में सजा सुनाए जाने के बाद सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों में दहशत फैला है।

## एक ही रात मे ताला तोड़कर चार घरों मे नगद सहित लाखों का ज्योरात की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा व कुसमाहा मे एक दुकान और चार घरों की ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगद सहित लाखों की सोना चांदी की जवेरात चोरी कर लिया। भाटचतरा निवासी मनोज साव पिता बिहारी साव के घर के ताला तोड़कर बैग मे रखे नगद 1500/- चोरी कर लिया वहीं जवेरात और नगद ढूंढने के लिए घर के बड़ा बक्सा मे रखे कपड़ा सहित अन्य सामग्री तीतर बितर कर दिया। मनोज साव के पत्नी सविता देवी व पुत्र पिंटू साव ने बताया की प्रत्येक दिन की तरह खाना खाकर बगल के अपना ढलाई घर मे सो रहे थे। सुबह जब घर साफ सफाई करने आए तो देखें की पैसा चोरी कर लिया गया है। वहीं भाटचतरा निवासी कृष्णा साव पिता स्व चन्द्रदेव साव का राशन दुकान का दरवाजा तोड़कर दुकान मे गला रखने के लिए बने डरावर को काटकर 7 हजार नगद निकाल लिया गया। साथ ही दुकान मे रखे बिस्किट मिक्चर सहित अन्य कई समान भी ले भागे। कुशमाहा ग्राम निवासी मनोरंजन ठाकुर, राजेश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर तीनो भाई का पिता स्व. रुपलाल ठाकुर का घर का ताला तोड़कर लगभग 1 लाख 60 हजार का सोना चांदी का जेवर व 20 हजार नगद चोरी कर लिया। जानकारी देते हुए मनोरंजन ठाकुर ने बताया की सड़क किनारे पीएम आवास बनाए है। बगल मे पुराना मिट्टी खपरैल घर है उसी मे सभी सोते है। पक्का घर को सुरक्षित स्थान समझ कर बाईक अलमारी बक्सा सहित सभी समान वहीं रखा हुआ था। सुबह उठकर देखें तो बाहर का ताला टुटा हुआ था। घर मे घुसकर देखें तो अलमारी और बक्सा का ताला तोड़कर सभी कपड़ा चारो तरफ बिखरा पड़ा था राजेश और मनोरंजन का एक लाख 60 हजार का सोना चांदी का जेवर चोरी कर लिया गया साथ ही दोनों भाई का 20 हजार नगद भी चोरों ने लेकर भाग गए। वहीं प्रमोद ठाकुर का घर ताला तोड़कर चोरी कर ली गई है।

प्रमोद ठाकुर सभी परिवार को लेकर रांची मे मजदूरी करने का काम करता है। प्रमोद ठाकुर रांची मे रहने के करण उसका चोरी का आंकलन नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया की सुखी तुरी के घर के पास रोड मे बने पुल मे मिक्चर बिस्किट गिरा पड़ा हुआ था। सभी पड़ितों ने घटना को लेकर थाना मे आवेदन दे दिया है पुलिस अग्रेर कार्रवाई मे जुट गई है।


तितर बितर हुआ सामान।

### बिजली बिल माफी योजना का प्रमाण पत्र लाभार्थी अवश्य करे प्राप्त: एसडीओ


प्रमाण पत्र लेते लाभार्थी।

**चंदवा।** चंदवा स्थित बिजली ऑफिस में गुरुवार को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बताते चले कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड के बिजली पावर सब स्टेशन में भी शिविर लगाकर बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। गुरुवार को एसडीओ राजदेव मेहता के उपस्थिति में लाभार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। एसडीओ श्री मेहता ने बताया कि मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के लाभुक उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण कार्य प्रारंभ है। इस माफी योजना का लाभ ग्रामीण व अवश्य ले तथा प्रमाण पत्र भी अवश्य प्राप्त करे। मौके पर इंचार्ज सुनील गुप्ता, कर्मी मंटू वर्मा, मो अली, बाबू मिस्त्री समेत अन्य कर्मियों के अलावे बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद थे।

## रंगदारी और लेवी मांगने के आरोपियो को सजा एवं जुमार्ना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सत्रवाद 298 /14 की सुनवाई करते हुए आरोपियों को अवैध हथियार रखने और उग्रवादी गतिविधियों में सम्मिलित होने का आरोप सत्य पाया है। अभियोजन पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने अदालत में सात गवाहों को पेश किया। अभियोजन के अनुसार गत 8 जुलाई 2014 को चंदवा के संतोष कंस्ट्रक्शन द्वारा कराए जा रहे चंदवा महुआमिलान मैक्लुस्कीगंज रोड निर्माण कार्य में कार्यरत मुंशी जितेंद्र कुमार साहू को सशस्त्र उग्रवादियों ने मोटरसाइकिल से साइट जाने के वक्त पकड़ लिया था और उन्हें पीएलएफआई का उग्रवादी बताकर उक्त कार्य का लेवी दो लाख रुपए ठेकेदार से मंगवाने का आदेश दिया था। कब्जे में रहे मुंशी ने संतोष कंस्ट्रक्शन के मालिक मृत्युंजय कुमार सिंह को इसकी सूचना फोन पर दिया। मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा चंदवा थाना को उसकी जानकारी दी गई। मौके पर चंदवा थाना पुलिस पहुंचकर सुशील उरांव उर्फ विनोद जी उर्फ भगत जी और अनीश कुजूर उर्फ. अनिल कुजूर को मौके वारदात पर हथियारों के साथ गिरफ्तार कर चंदवा थाना कांड संख्या 68/ 2014 दर्ज कराया था। मामले का विचारण करते हुए अदालत ने उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध दोष सही पाया और उन्हें भादवि की धारा 384/ 511 के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 10000 जुमार्ना जुमार्ना नहीं देने पर 3 माह की अतिरिक्त कारावास धारा 386/ 511 के तहत 5 वर्षों का कठोर कारावास एवं 50000 के जुमार्ना जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भादवि की धारा 387/ 511 के तहत 3 वर्षों का कठोर कारावास एवं 50000 का जुमार्ना जुमार्ना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास आर्म्स एक्ट की धारा 25(1 बी), 26,35 के तहत 6 वर्षों का कठोर कारावास एवं 2,00,000/- का जुमार्ना और जुमार्ना नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास तथा 17 उछअ के तहत 6 माह का कठोर कारावास एवं 10,000/- जुमार्ना और जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह की सजा मुकर्र किया है। अदालत ने सभी सजाएं अलग अलग चलाए जाने का आदेश पारित किया है।

### स्वच्छता अभियान में दुकानदार भाइयों की उपस्थिति से संगठन हो रहा है मजबूत: बिरेंद्र ठाकुर


सफाई करते लोग।

**बरवाडीह।** व्यवसायिक समिति के द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत गढ़वाटांड दुगार्पूजा पंडाल, रेलवे क्लब पूजा पंडाल और बाजार पीपल पेड़ दुर्गा मण्डप परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां समिति के प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता अभियान में दुकानदार भाइयों की उपस्थिति से संगठन मजबूत हो रहा है, और हमारा क्षेत्र साफ और स्वच्छ हो रहा है। पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद ने दुकानदार भाइयों से बढ़ चढ़कर स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की हैं। ताकि बाजार क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद के नेतृत्व में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में समिति के अध्यक्ष दीपक राज, विवेक सिंह, सोनू सरदार, मदन प्रसाद गुप्ता, अमन गुप्ता उर्फ निखिल, बिरेंद्र ठाकुर, सोनू सिंह, स्वरीत छाबड़ा, राजेश वर्मा, विनय कुमार अग्रवाल, सतीश गुप्ता उर्फ गुड्ड, अमोद मेहता, श्रवण सोनी, अमीर खान उर्फ डॉक्टर, शादाब अंसारी और सुबोध कुमार समेत अन्य कई दुकानदार शामिल थे।

### मुआवजा की मांग को लेकर किया सड़क जाम


वाहनों की लगी लंबी कतार।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में विस्थापित हुए शुभम कुमार पिता उमेश प्रसाद साहू ग्राम नगडा बेलवाड़ीह थाना बालूमाथ निवासी ने गुरुवार को तेतरियाखांड़ कोलियरी मार्ग सड़क जाम कर दिया। जिससे कोलियरी में वाहनों की लंबी कतार लग गई। शुभम कुमार ने बताया कि उसका रैयती जमीन तेतरियाखांड़ कोलियरी में गया हुआ है। जिसका अब तक मुआवजा नहीं मिला हुआ है। और इस सड़क पर कोलियरी का परिवहन कार्य किया जा रहा है। पूर्व में कई बार इसको लेकर सीसीएल को आवेदन भी दिया था। लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं जाम लगने की सूचना पाकर तेतरियाखांड़ पिकेट प्रभारी राजकुमार पांडे एवं सीसीएल के वरीय पदाधिकारी जाम स्थल पहुंचे और वार्ता कर जाम खुलवाया और आश्वासन दिया कि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### जगतारनपुर में निकाला गया भव्य कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल लोग।

- दुर्गा पूजा में पाठ सहित कई संस्कार एवं भक्ति जागरण का अयोजन किए जाते हैं: शत्रुघ्न प्रसाद

**लातेहार।** सदर प्रखंड के ग्राम जगतारनपुर जालिम में गुरूवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। ज्ञात हो कि आजादी के पुर्व से ही दुर्गा पूजा मनाई जा रही है। दुर्गा पूजा के शुभारंभ विशेश्वर साहू के द्वारा किया गया था। जो आज दुर्गा पूजा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते हुये चला आ रहा है। आज सभी हिंदू समाज के द्वारा अपने अंशदान व श्रमदान देकर पूजा को ऐतिहासिक बनाए हुये हैं। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि दुर्गा पूजा में पाठ सहित कई संस्कार एवं भक्ति जागरण का अयोजन किए जाते हैं। मौके पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक शत्रुघ्न प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष विनोद प्रसाद, सचिव विजय प्रसाद, कोषाध्याय कुंदन प्रसाद, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, गोपाल सिंह, छोटू प्रसाद, रामपति सिंह, प्रमोद सिंह, मुखिया सुनीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नवरात्रि पर माही हीरो ऑटोबाइक्स अपने ग्राहकों के लिए लाया है धमाकेदार ऑफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** देश की सबसे बड़ी और भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली बाइक निमार्ता कंपनी हीरो हर साल की तरह इस साल भी अपने ग्राहकों के लिए नवरात्रि फेस्टिव ऑफर लेकर आई है। अगर आप भी इस नवरात्रि में एक बेहतरीन बाइक की तलाश कर रहे हैं तो फिर बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मैन रोड स्थित माही हीरो ऑटो बाइक्स में जाकर आकर्षक ऑफर के साथ अपनी पसंदीदा कंपनी हीरो की बाइक ले सकते है। जानकारी देते हुए शोरूम के संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि इस नवरात्रि ऑफर का लाभ उठाने के लिए आपको सिर्फ 1100 की बुकिंग राशि का भुगतान करना पड़ेगा। यही नहीं बाइक के साथ आपको शोरूम की तरफ से एक स्क्रेच कूपन भी मिलेगा। जिसमें आप 1500 से लेकर 15000 तक का शानदार ऑफर प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा किसी भी मॉडल की खरीदारी पर 1000 का कैश बेनिफिट भी आपको शोरूम की ओर से दिया जा रहा है। नवरात्रि ऑफर 2024 का लाभ लेते हुए आप काफी किफायती कीमत पर अपने घर बाइक ले जा सकते हैं। मुकेश कुमार ने बताया कि न्यूनतम 9,999 रुपए की डाउन पेमेंट के साथ 0% की ब्याज दर की ईएमआई पर आप अपनी पंसदीदा बाइक अपने घर ले जा सकते है। बताया कि यह सभी ऑफर एक अक्टूबर से तीन नवंबर तक सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। अगर आप भी लंबे समय से अपनी बाइक बदलने या नई बाइक खरीदने की सोच रहे तो हीरो के इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठा सकते है।


ग्राहंक को बाइक देते संचालक।

## 1957 में केवाला से खरीदी गई जमीन को गलत वंशावली बनवाकर जबरन म्यूटेशन कराने का मामला, पूर्व विधायक ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

### क्षेत्र में जबरन कौड़ी के भाव में लूटी जा रही गरीबों की जमीन: हरिकृष्ण सिंह

- बरवाडीह में सीएनटी एक्ट का उलंघन कर जमीन खरीद बिक्री का लागये आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह के अखरा में चल रहे जमीन विवाद को लेकर बुधवार को भाजपा नेता सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने बेतला पंचायत के अखरा पहुंच फरियादी तपेश्वर मिस्त्री और उसके परिवार वालों से मुलाकात की, जहां पीड़ित परिवार ने पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह को बताया कि मेरे पिता तपेश्वर मिस्त्री द्वारा 1957 में केवाला से खरीदी गई जमीन को गलत वंशावली बनवाकर जबरन म्यूटेशन करवा दिया गया हैं। जबकि वर्तमान में भी यह जमीन पर हमारा घर है, और हमारे दखल कब्जे में है। लेकिन दबंगों द्वारा अब घर खाली करने की धमकी दी जा रही है। जब हमलोग फरियाद लेकर अंचल कार्यालय जाते है तो हमारी बातों को कोई सुनने वाला नही है। पीड़ित परिवार की बात सुनने के बाद प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि वर्तमान विधायक ने विधानसभा की जनता से लातेहार जिले में री सर्वे कराने का वादा किया था, लेकिन वह कागजों में ही सिमट कर रह गया। अब स्थिति यह है कि नियमों को ताक पर रखकर केवाला से लिए हुए गरीब की जमीन को हड़पने का काम चल रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि बरवाडीह में ऐसे कई मामले देखने को मिल रहे है, जहां गरीबों की जमीन को कौड़ी के भाव में लुटा जा रहा है। यहां फरियादी ने अंचल से लेकर जिला उपायुक्त तक गुहार लगा चुके हैं। बावजूद इन फरियादियों के मामले में अब तक किसी प्रकार की जांच ना होना बहुत ही गंभीर विषय बन गया हैं।आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले क्षेत्र में हुए जमीन घोटाले की जांच कराई जाएगी संलिप्त लोगों पर निसंदेह कड़ी से कड़ी कारवाई होगी। आगे कहा कि यहां पावर का दुरुपयोग करके सीएनटी एक्ट का भी जमकर उलंघन हो रहा है, और आदिम जनजाति की जमीन जिसकी ब्रिकी नहीं हो सकती है उसको भी खरीद बिक्री की गई है। समय आने पर ऐसे कई मामले को परत दर परत उजागर किया जायेगा। उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर आंदोलन करने की बात कही है साथ ही कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही लातेहार जिले में री सर्वे का कार्य भी कराया जायेगा।


प्रेसवार्ता करते पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह।

### चंदवा: एनएच किनारे संदेहास्पद स्थिति में युवक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी

# जांच से सड़क दुर्घटना में युवक की मौत बात सामने आयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच 99 (अब 22) रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के भूषाढ धर्मकांटा के समीप गुरुवार की अहले सुबह सड़क किनारे एक युवक का लहूलुहान शव संदेहास्पद स्थिति में पाया गया। एनएच किनारे युवक के शव मिलने के बाद क्षेत्र युवक की बेरहमी से हत्या किए जाने की आशंका को लेकर चचाओं का बाजार गर्म हो गया व सनसनी फैल गयी। क्षेत्र में बेरहमी से युवक की हत्या की चर्चा होने के बीच पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। जांच के क्रम में मृतक की शिनाख्त सोनू उरांव (29वर्ष) पिता काला उरांव (रोल जमीरा) के रूप में हुई। मामले में इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि जांच में जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार प्रथम द्दष्टया युवक की मौत दुर्घटना में हुई है। घटना के समय मृतक के साथ बाइक पर सवार राजकुमार उरांव पिता महादेव उरांव व एक नाबालिग बालक (दोनो रक्सी जमीरा) से पूछताछ में पता चला है कि मृतक सोनू उरांव गुरुवार की लगभग 2 बजे रक्सी गांव से अपने मित्र राजकुमार उरांव व एक नाबालिग बालक के साथ रक्सी गांव से आशीष उरांव नामक युवक का बाइक लेकर अपने ससुराल डेमू जाने के लिए निकला था, इसी दौरान भुषाढ़ के समीप बाइक का पेट्रोल रिजर्व हो गया, भुषाढ़ पम्प में पेट्रोल नही मिलने के बाद तीनों पेट्रोल की तलाश में बड़ी तेजी के साथ चंदवा की ओर रहे थे, इसी दौरान भुषाढ़ धर्मकांटा के पास एक अज्ञात वाहन से बाइक की भिड़ंत हो गयी थी। जिसमें बाइक चला रहे सोनू उरांव की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठा राजकुमार उरांव घायल हो गया व बालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद राजकुमार उरांव नाबालिग बालक के साथ किसी प्रकार बाइक को लेकर बंद पड़े एक होटल में छोड़ कर भाग गए। जांच के क्रम में जब पुलिस ने राजकुमार उरांव से पूछताछ की तो उसने दुर्घटना की सारी कहानी पुलिस के समक्ष बताई। जिसके बाद पुलिस शव व बाइक को कब्जे में लिया। वहीं मृतक के देर रात्रि ससुराल के लिए निकलना व दुर्घटना का शिकार हुए बाइक का बिल्कुल सही सलामत स्थिति में होना लोगो को संदेह पैदा कर रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान रखते जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना की सूचना के बाद झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली व ढांढस बंधाया। मृतक सोनू उरांव अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को पीछे छोड़ गया है। सोनू के दुर्घटना में असामयिक मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मौके पर मौजूद पुलिस।

## चंदवा: पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ शारदीय नवरात्र

- दुर्गा पूजा समिति आन व नव युवक संघ लुकुईया द्वारा निकाली गई कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में शारदीय नवरात्र को लेकर वातावरण भक्तिमय हो गया है। पूजा पंडालों से आ रही वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि एवं दिन भर ध्वनि विस्तार यंत्र से बज रहे मां के भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार चंदवा के सभी पूजा पंडालों में मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान के साथ आराधना की गयी। इसके पूर्व सभी पुजा पंडालों में शुभ मुहूर्त पर शक्ति कलश स्थापित किया गया। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति आन व नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति लुकुईया समेत विभिन्न पूजा पंडालों के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। देवनद दामोदर व घघरी नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमान राजन भगत व रविन्द्र प्रसाद साहू सपत्नीक समेत सैकड़ो मताओ-बहनों ने कलश में जल भरने के कलश यात्रा पूजा पंडाल पहुंची जहां विधि विधान के साथ शक्ति कलश को स्थापित कर पूजा अर्चना व आरती की गई। वहीं सिद्धपीठ के रूप में विख्यात चंदवा के नगर ग्राम स्थित प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर के दरबार मे भी शारदीय नवरात्र शुरू होते हीं भक्तों की भिंड उमड़नी शुरू हो गयी है। प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में बुधवार की देर शाम मां गौरा के आगमन के साथ रात्रि में 7 कलश स्थापना की गई तत्पश्चात गुरुवार से मंदिर में श्रद्धालुओं का आगमन भी काफी बढ़ गया। इधर शिव मंदिर बुध बाजार, दुबेजी का गोला, हरैया कामता, शिव मंदिर थाना टोली, पंचमुखी मंदिर, महुआमिलान स्टेशन, रक्सी, शिव मंदिर आन, रेलवे कॉलोनी समेत अन्य स्थानों पर पंडालों को अंतिम रूप देने में कारीगर पूरी तन्मयता से जुटे हैं, पूजा समिति के लोग भी पंडाल के साजो-सज्जा के साथ भव्यता प्रदान करने को लेकर जोर सोर से जुटे हैं।


कलश यात्रा में शामिल लोग।

# भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा : गिरिनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सह अभिनंदन समारोह जिले के मेराल प्रखंड के हाईस्कूल मैदान में आयोजित हुआ। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा इस विधानसभा मे भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार का रूप ले लिया है। गांधी जी देश को आजाद कराने के लिए लड़ाई लड़ी। ठीक उसी प्रकार आज जो गढ़वा विधानसभा में भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार से लड़ाई अकेले नहीं लड़ा जा सकता, इसमें आप सभी का सहयोग से मैं गद गद हूं। पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारा प्राथमिकता रहता था कि अंतिम छोर पर रहने वाले लोगो को लाभ मिल सके। मेराल प्रखंड में नगर पंचायत, नगर परिषद एवं आईटीआई कॉलेज खुलवाने का काम करूँगा।


पूर्व मंत्री का स्वागत करते लोग।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर राम अवतार राम, दु:खन चौधरी, सूरज सिंह, बाबुल सिंह, सुनील चंद्रवंशी, शिवनाथ चौधरी, अवध सिंह, सत्यनारायण यादव, शिवनाथ चौधरी, सुरेश केशरी, सुरेश गुप्ता, डॉ इलियास अंसारी, अताउल अंसारी, लाली कुमारी, राम लखन यादव आदि उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शारदीय नवरात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

डंडई। प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। प्रखंड के रारो, डंडई, जरही में नवरात्र के पहला दिन कलश यात्रा निकाली गयी। जरही में पूजा कमेटी के अध्यक्ष जयराम चौधरी तथा डंडई प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामप्यारी सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए पारंपरिक तरीके से निकाला गया। जरही में कलश यात्रा पूजा पंडाल से प्रारंभ होकर विभिन्न गली मोहल्लों में होते हुए जरही सिवान नदी से जल उठाया गया। जबकि डंडई में देवी धाम स्थल से कलश यात्रा प्रारंभ कर जरदे यूरिया नदी से जल उठाया गया। जल उठाने के दौरान विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। पुनः कलश यात्रा पूजा पंडाल में पहुंचा। जहां पर श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना की। शारदीय नवरात्र भजनों से पूरा इलाका दिन भर गुंजायमान रहा। मौके पर जरही दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष जयराम चौधरी ने बताया कि कलश यात्रा के साथ आज शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया है। दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। वही शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन के लोग भी लगातार गस्ती कर रहे हैं। कलश यात्रा में मिथिलेश प्रसाद, महेश्वर राम, राजेश प्रसाद गुप्ता, ऋषि राजकुमार, विवेक कुमार, शनि कुमार, मनीष ठाकुर, हरिशंकर ठाकुर, शशि भूषण मेहता, राजू कुशवाहा सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।


कलश यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु।

स्पीड न्यूज

## बीडीसी ने निजी खर्च से लगवाया साउंड सिस्टम



**कांडी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत खुटहेरिया के उतरी क्षेत्र के बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने अति प्राचीन गरदाहा मठ में साउंड सिस्टम लगवाया। नवरात्रि के अवसर पर खुटहेरिया पंचायत के बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने अपने निजी खर्च से गरदहा मठ पर साउंड सिस्टम लगावाया। बताते चले के कि इसके पहले भी इन्होंने अपने क्षेत्र में ग्राम कुशहा देवी धाम, खुटहेरिया दुर्गा मंडप व गोसांग मंदिर में सभी जगह इन्होंने अपने निजी खर्च से साउंड सिस्टम लगाया है। इनका कहना है कि सभी मंदिरों से प्रतिदिन सुबह शाम भजन बजेगा तो वातारण शुद्ध होगा। भजन सुनकर लोगों के बीच आत्मसुधी होगी। मौके पर महंत बाबा, प्रमोद पूरी, अजय सिंह, विजय सिंह, श्रीकांत ठाकुर, पंकज कुमार, द्वारिका शर्मा, रवि कुमार, जितेंद्र सिंह, मृत्युंजय सिंह, कुंडल कुमार, राजकुमार सिंह, सकेंद्र कुमार, अवध चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीपी डीएवी में नये प्राचार्य ने दिया योगदान



**गढ़वा।** जिले के फरठिया स्थित बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में नए प्राचार्य आरके सिन्हा ने योगदान दिया। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अजय कुमार चौबे एवं सभी शिक्षकों ने नए प्राचार्य का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य आरके सिन्हा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भाग लिया। पूर्व प्राचार्य श्री चौबे ने नए प्राचार्य श्री सिन्हा को प्राचार्य पद का प्रभार स्थान्तरित किया एवं उनका विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। मौके पर प्रचार्य श्री सिन्हा ने कहा कि डीएवी गढ़वा के पूर्व प्रचार्य ने महती परिश्रम से विद्यालय को बनाया है हमें मिलकर विद्यालय को उससे आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षण प्रदान करना है और हमसब इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के सहयोग के बिना हम अपने उद्देश्यों की पूर्ण करने में पूर्णत: सफल नहीं हो पाएंगे अत: मैं उम्मीद करता हूं विद्यालय की प्रगति में अभिभावकों का सहयोग हमें पूर्ववत प्राप्त होता रहेगा। ज्ञात हो कि अजय कुमार चौबे का ट्रान्सफर डीएवी विद्यालय चतरा के लिए हुआ है। इसकी जानकारी बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के मीडिया प्रभारी शम्भु कुमार तिवारी ने दी।

# विधायक ने किया पथ निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से केतार होते हुए पाचाडुमर मुख्य पथ सुदृढ़ीकरण निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को खरौंधी मोड़ के समीप विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में बुजुर्ग चंद्रदेव राउत ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उक्त सड़क का निर्माण पथ निर्माण के तहत करीब 14 करोड़ की लागत से बनाई जायेगी। मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि इस सड़क को अपने मंत्रित्वकाल में बनवाया था, जो समय के साथ खराब होने लगी थी, जिसे देखते हुए दुबारा इस चमचमाती सड़क निर्माण के लिए आज शिलान्यास किया हूं। आज कुल कुछ नेताओं का आंख के साथ साथ मानसिक संतुलन खराब होने लगी है। वैसे नेताओं को विधायक भानु द्वारा उनके घर के सामने किया गया विकास दिखाई नहीं दे रहा है। कहा कि अनंत प्रताप देव जनता को गुमराह करते हुए कहते चल रहे है कि सीमेंट फैक्ट्री नहीं लगवा देते तो यहां के युवकों को रोजगार मिलता, अगर विधायक सीमेंट फैक्ट्री लगवा सकता है, तो मंत्री मिथिलेश ठाकुर और सीएम हेमंत सोरेन गढ़वा और बरहेट में पॉवर प्लांट आज तक क्यों नही लगवा सके। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो वादा करते है, 30 दिनों के अंदर तुलसीदामर खदान को चालू करवाएंगे। जेएमएम की लुटेरी सरकार मंईयां योजना के नाम पर महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करने का काम किया है। जेएमएम सरकार में बंग्लादेशी घुसपैठिया अपने पांव जमा रही है, सरकार घुसपैठियों को रोकने के बजाए राज्य में तुष्टिकरण की राजनीति करने में लगी हुई है। सभा को जिलामंत्री मनोज सिंह, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधी दयानंद सोनी, भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, चंदन ठाकुर ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने की। मौके पर सांसद प्रतिनिधी इंद्रदेव प्रसाद यादव, भाजपा नेता रवि पाल, अरुण गुप्ता, सुधीर सोनी, अंकित सिंह, चमन सिंह, मनोज यादव, चंद्रदेव राउत, अजय सोनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


शिलान्यास मौके पर विधायक।

## कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू

**भवनाथपुर।** गुरुवार को भवनाथपुर के विभिन्न पूजा पंडालों और मंदिरों में कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। टाउनशिप दुर्गा मंदिर में पुजारी सतेंद्र वैद्य, स्थानीय सूर्य मंदिर में पुजारी आनंद मिश्रा, ब्लॉक गेट स्थित शिव मंदिर परिसर में, चपरी के टीकर टोला स्थित दुर्गा मंडप में, रेलवे साइडिंग सीडी टाइप दुगार्मंडप, चपरी, पंडरिया, सिंदुरिया, अरसली उतरी, दक्षिणी, झगराखांड़ आदि स्थानों पर विभिन्न पूजा पंडालों में कलश स्थापना किया गया। मौके पर ब्लॉक गेट स्थित जय मां भवानी क्लब बुका के अध्यक्ष गुड्डू यादव, सचिव अजित कुमार, अनिल कुमार राउत, सोनू राउत, अनुपम यादव, अनिल राउत, सुरेश राउत, त्रिपुरारी राउत, टाउनशिप मंदिर के ध्रुव नारायण दुबे, बुचून सिंह, प्रथम चौबे, दिवाकर चौधरी, अजय सोनी, विभिन्न पूजा समिति तथा मंदिर कमेटी के सदस्य पूजा को लेकर व्यवस्था में लगे रहे।

## दिनेश कॉलेज में गांधी जयंती के अवसर पर पौधरोपण

गढ़वा। शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मझिआंवः खरसोता देवी मंदिर से निकली जल यात्रा में उमड़ी भीड़

**मझिआंव।** शारदीय नवरात्र शुरू होते ही मझिआंव नगर पंचायत सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। पूजा पंडालों एवं घरों में प्रथम दिन गुरुवार को माता शैल पुत्री की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान अधिकांश पूजा स्थलों से कलश स्थापना के लिए जल यात्रा निकाली गई और नदियों से जल भरकर देवस्थल में स्थापित की गई। इधर प्रखंड के खरसोता गांव में देवी मंदिर से पूजा समिति के अध्यक्ष बिजय राम व कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में विशाल व भव्य जलयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। जो लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर बूढ़ी खांड़ बजरंग बली मंदिर के समीप कोयल व बांकी नदी के संगम से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरा गया और पुनः मंदिर में लाकर स्थापित किया गया। इसी तरह लखौरी तहले देवी मंडप, करुइ मां कामाख्या देवी मंदिर सहित दर्जनों गांवों के मंदिरों में कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई।


जल भरते श्रद्धाल।

# लाइफ लाइन हॉस्पिटल के सौजन्य से नवरात्र पर किया जायेगा नये कपड़े व राशन वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 10 साल में 10 लाख से अधिक गरीबों की मदद करने वाला गढ़वा का अनेक निःशुल्क बैंक में गरीब, असहाय, जरुरतमंदों के लिए ऑफर शुरू हो गया है। अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने बताया कि अमीरों की तरह गरीबों के घरों में भी खुशियों भरी नवरात्र मनेगी। क्योंकि डाल्टेनगंज के लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉ अनवर नेजाम व डॉ राहत नेजाम के सौजन्य से गरीबों के लिए ढ़ेर सारा उपहार आया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नवरात्र के अवसर पर जरुरतमंदों के बीच प्रतिदिन बांटी जाएगी। साथ ही गरीबों के घरों में अच्छी अच्छी पकवान बनाने के लिए पर्व स्पेशल राशन किट भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर दस दिन गरीब, असहाय, जरुरतमंद हमारे कपड़ा बैंक में अपनी जरूरत की जो भी चीजे मांगेगे हम वो चीजें खरीदकर उन्हें मिनटों में उपलब्ध कराएंगे। शौकत खान ने धरती के रियल भगवान कहें जाने वाले डॉ डॉ अनवर नेजाम व डॉ राहत नेजाम का नवरात्र पर गरीबों को ओर से आभार व्यक्त किया है।


लाइफ लाइन हॉस्पिल के चिकित्सक के साथ शौकत खान।

## बृजबिहारी हत्या कांड में सुप्रीम कोर्ट से रिहाई न्याय की जीत : सूरजभान



एजेंसी

**नवादा।** लोजपा संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सूरजभान सिंह ने गुरुवार को कहा है कि पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा रिहा किया जाना न्याय की जीत है । सुप्रीम कोर्ट का फैसला प्राकृतिक न्याय का तकाजा रहा है। रिहाई पर नवादा के पूर्व सांसद चंदन सिंह के बड़े भाई सूरजभान सिंह को नवादा वासियों ने बधाई देते हुए उनके बेहतर जीवन की कामना की है। नवादा के पार्टी कार्यकताओं ने मिठाइयां बांट कर जश्न भी मनाया। 1998 में घटित बिहार के पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्या कांड मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पूर्व सांसद सूरज भान सिंह समेत 6 आरोपियों को बरी किया, तो वहीं पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला से लेकर मंटू तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। नवादा के पूर्व सांसद चंदन सिंह ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहां है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय का फैसला दूध का दूध तथा पानी का पानी कर दिया है। जिसके लिए ईश्वर को धन्यवाद देते हैं।

# सीएम ने कृष्णा घाट संपर्कता एवं अप रैम्प संपर्कता का किया लोकार्पण





**भवन निर्माण के लिए 408.75 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास**

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को आशोक राजपथ के पास कार्यक्रम स्थल से जेपी गंगा पथ के कृष्णा घाट सम्पर्कता का फीता काटकर लोकार्पण किया तथा गायघाट में आयोजित कार्यक्रम स्थल से जेपी गंगा पथ के गायघाट अप रैम्प सम्पर्कता का फीता काटकर लोकार्पण किया।

इससे अशोक राजपथ पर लगनेवाले जाम में कमी आयेगी। गाड़ियां अब कृष्णा घाट लिंक पथ से जेपी० गंगा पथ का उपयोग कर सकेंगी साथ ही गायघाट में भी अप रैंप बनने से लोगों को जेपी गंगा पथ पर आवागमन में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ से लौटने के क्रम में गांधी घाट पर रूककर गंगा नदी के घटते जलस्तर का जायजा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना सिटी में नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सात निश्चय-2 के अन्तर्गत कुल 87 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के अन्तर्गत भवन निर्माण के लिए 408.75 करोड़ रुपये की योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के भवन का उद्घाटन करने के पश्चात प्रशासनिक भवन, मेकेनिकल वर्कशॉप, टेक्निकल वर्कशॉप में जाकर वहां की कार्य पद्धतियों एवं व्यवस्थाओं की शिक्षकों एवं छात्रों से जानकारी ली।

# डॉ ज्वाला प्रसाद को ऑक्सफोर्ड ने महात्मा गांधी लीडरशिप अवार्ड से किया सम्मानित

एजेंसी

**पश्चिमी चंपारण।** जगदीशपुर थाना के कठैया विशुनपुरा गांव के किसान हरिमाधव प्रसाद के पुत्र डॉ ज्वाला प्रसाद को गांधी जयंती के अवसर पर लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में महात्मा गांधी लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लंदन के मेयर, कोलंबिया की मिस वर्ल्ड, ऑस्ट्रेलिया के न्यायाधीश, सेसेल्स के पर्यटन मंत्री, ऑक्सफोर्ड के मेयर सहित लगभग 50 देशों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। भारत के डॉ ज्वाला प्रसाद को यह पुरस्कार मिलने पर भारतीय मूल के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इससे पहले भारत के दो गणमान्य व्यक्तियों में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ऊर्फ बागेश्वर धाम सरकार और गोपाल दास गौर को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष गांधी जयंती पर यह पुरस्कार विशिष्ट उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है।



वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते व बधाई देते हुए कहा है कि वर्ष 2024 का महात्मा गांधी पुरस्कार डॉ ज्वाला प्रसाद को उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु दिया जा रहा है। वर्तमान में डॉ ज्वाला प्रसाद भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के निदेशक हैं और विगत वर्षो में बाढ़ से प्रभावित होने के बावजूद भी डॉ प्रसाद ने गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए है। एक तरफ परिसर को सुरम्य बनाने से लेकर दूसरी तरफ आगंतुकों को आकर्षित करने हेतु विभिन्न कार्य किए गए हैं। वहीं बच्चो को आकर्षित करने के लिए भी कई प्रकार के उद्यम शुरू किए गए है।

डॉ प्रसाद ने यह सम्मान हासिल कर देश और दुनिया में चम्पारण और बिहार का मान बढ़ाया है। यह सभी बिहारवासियों और जिलावासियों के लिए गर्व का पल है। गौरतलब है कि डॉ ज्वाला प्रसाद सांसद श्री कुमार के गृह क्षेत्र नौतन के हैं और इनके स्कूल में सहपाठी भी रहे है। दोनों सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र रहे हैं। जदयू के हरसिद्धि विधानसभा प्रभारी राकेश सिंह ने भी इस उपलब्धि पर डॉ प्रसाद को बधाई दी है।

## पेज एक का शेष

### मिलेगी जाम से...

बाहरी चालक अक्सर शहर में रास्ता भूल जाते थे, अब ऐसा नहीं होगा। मौके पर नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, डीसी मंजूनाथ भजंत्री, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी–

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले दिनों में जो जरूरत और आवश्यकता होगी, उसी के अनुरूप सुविधाओं में विस्तार किया जायेगा। फेज-2 में भी कई आधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध कराया जाना है। सीएम ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से इस इलाके में राजगार समेत कई अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर ट्रांसपोर्ट नगर से विकास को एक नया आयाम मिलेगा।

### रेलकर्मियों के बोनस...

इस पर 2,029 करोड़ रुपये के खर्च होंगे। उन्होंने कहा, रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,72,240 रेलवे कर्मचारियों को 2028.57 करोड़ रुपये के 78 दिनों के पीएलबी के भुगतान को मंजूरी दी है। यह राशि रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप एक्ससी कर्मचारियों को दी जायेगी। पीएलबी का भुगतान रेलवे कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है।

### पूर्व विधायक मुन्ना...

उनकी पत्नी रमा देवी, भाजपा और सीबीआई ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने 21 और 22 अगस्त को सुनवाई पूरी करते हुए आदेश को सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह फैसला सुनाया।


**निचली अदालत ने आठ को दी थी उम्रकैद की सजा :** निचली अदालत ने वर्ष 2009 में आठ आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। बृज बिहारी प्रसाद लालू यादव की पार्टी के बड़े और दबंग नेता थे। उनकी हत्या गैंगवार का नतीजा थी। उनकी हत्या में श्रीप्रकाश शुक्ला का भी नाम आया था जो उस समय सूरजभान के गैंग में शूटर था। बाद में श्रीप्रकाश शुक्ला के नाम का यूपी और बिहार में खौफ पैदा हो गया। गाजियाबाद में यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने शुक्ला को एक एनकाउंटर में मार गिराया था।

**मुन्ना शुक्ला से कांपता था बिहार :** 90 के दशक में बाहुबली मुन्ना शुक्ला के नाम से बिहार कांपता था। अपने बाहुबल पर उन्होंने विधानसभा का चुनाव भी जीता था। 55 वर्षीय मुन्ना शुक्ला का उतर बिहार में उनकी तूती बोलती थी। उनके भाई छोटन शुक्ला और भुटकुन शुक्ला का भी अपराध में बड़ा नाम था। एक गैंगवार में छोटन की हत्या हो गयी थी। इस हत्या के बाद आनंद मोहन जब अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे तो गोपालगंज डीएम जी कृष्णाया की हत्या हो गयी थी। आरोप मुन्ना शुक्ला के भाई भुटकुन शुक्ला पर लगा था। जी कृष्णा हत्याकांड में आनंद मोहन को भी आरोपी बनाया गया था जिसमें उन्होंने उम्र कैद की सजा काटी है। अब एक बार फिर से एक बाहुबली नेता को उम्र कैद की सजा मिली है। 90 के दशक में बिहार में माफियाओं का कालजयी काल था। इस दौरान बिहार के अलग-अलग इलाकों में बड़े-बड़े माफिया स्थापित हो चुके थे। तब बिहार में सम्राट अशोक, मुन्ना शुक्ला, बृज बिहारी प्रसाद, राजन तिवारी, सूरजभान सिंह की तूती बोलती थी।

**डीडी बनाम बृज बिहारी प्रसाद :** भले चंपारण को महात्मा गांधी की कर्मस्थली रही पर तब पूरे चंपारण में देवेंद्र दुबे (डीडी) का एकछत्र राज हुआ करता था। दूर-दूर तक उन्हें कोई चुनौती देने वाला नहीं था। उन पर लगभग 35 हत्याओं का आरोप था। देवेंद्र दुबे को अंडरवर्ल्ड में डीडी के नाम से बुलाया जाता था और उनकी सबसे अच्छी दोस्ती यूपी के आतंक के पर्याय बन चुके प्रकाश शुक्ला से थी। 1995 के विधानसभा चुनाव में देवेंद्र दुबे ने बड़ी जीत हासिल की थी। उन पर यह आरोप था कि उन्होंने चुनाव के नॉमिनेशन के दिन 6 लोगों को जहर देकर मार दिया था। इस दरमियान बृज बिहारी प्रसाद देवेंद्र दुबे के बड़े विरोधी बन गये। डीडी चुनाव जीतने के बाद जेल से बाहर आये और 25 फरवरी 1998 को अरेराज ब्लॉक जो कि बृज बिहारी प्रसाद का इलाका था, वहां प्लानिंग करके देवेंद्र दुबे को घेर कर एक-47 से छलनी कर दिया गया। उनकी हत्या का पूरा आरोप बृज बिहारी प्रसाद पर लगा। तब श्री प्रसाद राबड़ी सरकार में ऊर्जा मंत्री थे। चाचा की हत्या के बाद उनका भतीजा मंटू तिवारी ने ऐलान कर दिया कि जब तक वह देवेंद्र दुबे की हत्या का बदला नहीं ले लेगा तब तक शादी नहीं करेगा। डीडी की हत्या के महज 3 महीने बाद ही 13 जून 1998 को राजद के कद्दावर मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या आईजीआईएमएस में कर दी गयी। मंटू तिवारी ने स्टेनगन से बृज बिहारी प्रसाद को छलनी कर दिया।

स्पीड न्यूज

## 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुयी देवरा-पार्ट 1



**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 208 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभायी।इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने छह दिनों में भारतीय बाजार में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने छह दिनों में 208 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है

## मप्र के मुख्य सचिव बने अनुराग जैन

**भोपाल।** 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन मध्य प्रदेश के 35वें मुख्य सचिव बने। केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटकर उन्होंने गुरुवार को मंत्रालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। निवृर्तमान मुख्य सचिव वीरा राणा का कार्यकाल 30 सितंबर को पूरा होने के बाद राज्य शासन द्वारा उन्हें वरिष्ठता के आधार पर प्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त किया था। जैन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर थे।

## इजरायल जायेंगे दो हजार से अधिक नेपाली

**काठमांडू।** इजराइल अपने पड़ोसी देशों फिलिस्तीन, लेबनान और इरान से युद्ध में फंसा है। इसके बाद भी नेपाल से लगभग दो हजार से अधिक लोग इजराइल के विभिन्न शहरों में जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। युद्ध की भयावह के बीच यह लोग रोजगार के लिए जाना चाहते हैं। दरअसल, इजराइल सरकार ने नेपाली नागरिकों को अपने यहां केयर गिवर के रूप में ले जाने के लिए नेपाल सरकार से एक समझौता किया था। इसी समझौते के तहत वहां की भाषा की परीक्षा पास करने वाले 3461 लोगों ने इजरायल में केयर गिवर के रूप में आवेदन किया था। इनमें से लॉटरी के जरिए 2112 लोगों का चयन हुआ है।

## लेबनान में इजराइल की एयर स्ट्राइक, 6 मरे

**बेरुत।** इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरुत पर बुधवार को एयर स्ट्राइक की है, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि अब बेरुत को निशाना बना रहे हैं। ईरान के हमले के बाद बदले की आग में सुलग रहे इजराइल ने एकबार फिर बेरुत में एयर स्ट्राइक की है। दक्षिणी बेरुत में एक के बाद एक तीन बड़े विस्फोट हुए। इन हमलों में 6 लोगों की मौत हो गई। लेबनान स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि पिछले 24 घंटे में लेबनान पर इजराइल के हमलों में 46 लोगों की मौत हो गई।

## गाजा में हमास नेता मुश्तहा मारा गया

**गाजा गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गुरुवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी में हमास नेता रावी मुश्तहा को मार गिराया। आईडीएफ ने घोषणा की कि लगभग तीन महीने पहले, गाजा पट्टी में कुछ आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया है।

## रूस ने 113 यूक्रेनी ड्रोनों को किया नष्ट

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, वोरोनिश, कुर्स्क और ब्रांस्क क्षेत्रों में रात भर में 113 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बुधवार रात रूसी क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ ड्रोन का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने के कीव शासन के प्रयास को रोका गया था।

चुनावी दर्पण
मांडर विधानसभा

# पूर्व विधायक बंधु तिर्की की साख दांव पर

उदय चौहान

**रांची।** राजधानी रांची के मांडर विधानसभा क्षेत्र में इस बार बंधु तिर्की का डंका बजेगा या यहां फिर से कमल खिलेगा। विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम दलों ने घेरेबंदी तेज कर दी है। मांडर विस क्षेत्र में कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की साख दांव पर है। हालांकि, मांडर से मौजूदा वक्त में बंधु तिर्की की पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की विधायक हैं। बंधु तिर्की के सजायाफ्ता होने के बाद शिल्पी ने उपचुनाव जीता था। यहां के लोगों ने सर्वाधिक तीन बार बंधु तिर्की को अपना प्रतिनिधि चुनकर सदन में भोजा था। वर्ष 2005, 2009 एवं 2019 में बंधु तिर्की ने चुनाव जीता था। इस बार भाजपा से गंगोत्री कुजूर, आशा लकड़ा के अलावा सन्नी टोप्पो टिकट के प्रमुख दावेदार हैं। वैसे, चर्चा है कि आदिवासी महासभा के संयोजक सह पूर्व मंत्री देव कुमार धान भी भाजपा से टिकट के लिये लॉबिंग कर रहे हैं। देव कुमार धान एकीकृत बिहार के समय यहां के प्रतिनिधि रहते हुये मंत्री बने थे।

▸▸ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के सामने भाजपा की गंगोत्री कुजूर, आशा लकड़ा और सन्नी टोप्पो






राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार पिछले चार चुनावों में मांडर में किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं रहा है। तीन बार बंधु तिर्की अलग-अलग सिंबल पर चुनाव लड़कर जीत हासिल किया। मांडर में बंधु तिर्की का अपना जनाधार बताया जाता है। यहां से भाजपा को जीत दर्ज करने क रने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में जेवीएम को पहली बार जीत मिली। बंधु तिर्की ने जेवीएम (पी) के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत दर्ज की। उन्हें इस चुनाव में 92,491 वोट मिले थे। जबकि, भाजपा के उम्मीदवार देव कुमार धान 69,364 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। एआईएमआईएम इस सीट पर तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। उसके उम्मीदवार शिशिर लकड़ा को 23,592 वोट मिले थे।

## 2014 में जीती थीं गंगोत्री कुजूर



वर्ष 2014 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में मांडर विधानसभा सीट पर 3 महिला समेत कुल 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। भाजपा के टिकट पर दिग्गज अर्जुन मुंडा की करीबी गंगोत्री कुजूर को सबसे ज्यादा 54,200 वोट मिले थे। क्षेत्र के निवर्तमान विधायक बंधु तिर्की इस बार ऑल इंडियन तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव के मैदान में उतरे थे। वह 46,595 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे थे। तीसरे नंबर पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे देव कुमार धान थे। इस बार मांडर में कुल 3 लाख 71 हजार 557 मतदाता हैं। इनमें 1 लाख 83 हजार 803 पुरुष और 1 लाख 87 हजार 752 महिला मतदाता हैं। 2 थर्ड जेंडर वोटर भी हैं।

## इजरायल के हमले में नसरल्लाह के दामाद समेत दो की मौत

**दमिश्क।** माजेह वेस्टर्न विला इलाके में हुए इजरायली हवाई हमले में मारे गए हिजबुल्लाह नेता सैयद हसन नसरल्लाह के दामाद हसन जाफर कासिर सहित दो लेबनानी नागरिक मारे गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, बुधवार को इजरायली हमले में तीन मंजिला इमारत की पहली मंजिल को निशाना बनाया गया, जहां हिजबुल्लाह और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के नेता अक्सर रहते थे। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो गैर-सीरियाई शामिल हैं। इस हमले में चार अन्य लोग घायल हो गए, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले में तीन नागरिक मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार मंत्रालय ने कहा कि हमला इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स से किया गया था। बता दें कि 27 सितंबर को इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में एक शक्तिशाली हवाई हमले में नसरल्लाह को मार गिराया था।

# शेयर बाजार में हाहाकार

## सेंसेक्स 1769 अंक लुढ़का, निवेशकों के डूबे 10 लाख करोड़

एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़े नुकसान के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,769 अंक या 2.10 प्रतिशत गिरकर 82,497 और निफ्टी 546 अंक या 2.12 प्रतिशत गिरकर 25,250 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट की वजह सेबी की ओर से फ्यूचर्स और ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट के नियमों में किए गए बदलाव और मध्य-पूर्व में इजरायल और ईरान के बीच तनाव को माना जा रहा है।

कारोबारी सत्र में बाजार का रुझान नकारात्मक था। 2,864 शेयर लाल निशान और 1,120 शेयर हरे निशान और 92 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार मूल्यांकन करीब 10 लाख करोड़ रुपये कम होकर 465 लाख करोड़ रुपये रह गया। छोटे और मझोले शेयरों में भी गिरावट का असर देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,333 अंक या 2.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,024 और निफ्टी स्मॉलकैप 378 अंक या 1.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,952 पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शानेवाले इंडिया विक्स 9.84 प्रतिशत बढ़कर 13.17 पर बंद हुआ। करीब सभी एनएसई इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। जानकारों का कहना है कि भारतीय बाजारों के गिरने की वजह ईरान की ओर से इजरायल पर मिसाइल के हमला करना है। इससे मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने की उम्मीद है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है।

**मध्य-पूर्व में इजरायल- ईरान के बीच तनाव से गिरा बाजार**

▸▸ निफ्टी 546 अंक गिरकर 25,250 पर पहुंचा

### इन कंपनियों के शेयर में भारी गिरावट

ऑटो, फिन सर्विस, आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, रिलायंस, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। केवल जेएसडब्ल्यू स्टील ही हरे निशान में बंद हुआ।



### कच्चे तेल की कीमत में पांच प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। इजरायल और ईरान के बीच बढ़े तनाव की वजह से दुनिया भर के शेयर बाजारों पर तो असर पड़ा ही है, ऑयल मार्केट में भी इसके कारण उबाल आ गया है। सिर्फ तीन दिन में ही क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) की कीमत में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ गई है, जिसके कारण ब्रेंट क्रूड 75 प्रति डॉलर बैरल के करीब पहुंच गया है। इसी तरह डब्लूटीआई क्रूड भी 71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। एमसीएक्स पर भी कच्चा तेल आज 6 हजार रुपये के स्तर के करीब पहुंच कर कारोबार करता रहा। माना जा रहा है कि अगर मिडिल ईस्ट के तनाव में जल्दी ही कमी नहीं आई, तो क्रूड ऑयल के भाव में जोरदार उछाल आ सकता है।

कुछ एक्सपर्ट्स क्रूड की कीमत के 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंचने की आशंका भी जता रहे हैं। मिडिल ईस्ट से क्रूड ऑयल की सप्लाई बाधित होने की आशंका के कारण अक्टूबर के पहले तीन दिनों में ही कच्चे तेल की कीमत में जोरदार इजाफा हुआ है। एक अक्टूबर को ब्रांड क्रूड 69.92 प्रति बैरल के निचले स्तर तक गिरने के बाद 71.82 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि 3 अक्टूबर को इसका भाव 74.84 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह डब्लूटीआई क्रूड भी एक अक्टूबर को 66.33 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था, जो गुरुवार को बढ़कर 71.08 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है।


## ईशा फाउंडेशन आश्रम के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जाने-माने योग गुरु जग्गी वासुदेव की ओर से कोयंबटूर में संचालित ईशा फाउंडेशन आश्रम के खिलाफ दो महिलाओं को कथित तौर पर बंधक बनाकर रखने के एक मामले में तमिलनाडु पुलिस की कोई भी कार्रवाई करने पर गुरुवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ईशा फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा मौखिक उल्लेख किए जाने पर अपना आदेश पारित किया, जिसमें इस मामले में उच्च न्यायालय के निर्देश और मौखिक टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई गई। पीठ ने 39 और 42 साल की दो साध्वियों से बातचीत की और पाया कि वे अपनी मर्जी से और बिना किसी दबाव के वहां रह रही हैं। शीर्ष अदालत में एक व्यक्ति ने याचिका दायर करके आश्रम पर आरोप लगाया है कि उसकी दो बेटियों को वहां बंधक बनाकर रखा गया है। इसके विपरीत पीठ ने (महिलाओं से बातचीत के बाद) बताया कि महिलाओं ने यह भी कहा कि वे आश्रम से बाहर जाने के लिए स्वतंत्र हैं और उनके माता-पिता भी समय-समय पर उनसे मिलने आते हैं। पीठ ने कहा कि दोनों महिलाओं में से एक ने कहा कि उसने हाल ही में हैदराबाद में 10 किलोमीटर की मैराथन में भी भाग लिया था। शीर्ष अदालत ने इस मामले को मद्रास उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

## ईरान ने शुरू की उड़ानें

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार की शाम इजरायल पर मिसाइल हमलों के बाद गुरुवार सुबह से वहां के लिए उड़ानें फिर से शुरू कर दी।







## मोहब्बत की दुकान में अब मिल रहा है नशे का सामान : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स की बरामदगी के मामले में मुख्य आरोपी तुषार गोयल को इंडियन यूथ कांग्रेस के आरटीआई सेल का चीफ बताते हुए कांग्रेस और हुड्डा परिवार से जवाब मांगा है। सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। इस मामले का मुख्य आरोपी और किंगपिन तुषार गोयल इंडियन यूथ कांग्रेस के आरटीआई सेल का चीफ है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में अभी तक नफरत के सामान तो दिख रहे थे, लेकिन अब नशे का सामान भी मिलने लगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने तुषार गोयल के अपॉइंटमेंट लेटर को दिखाते हुए दावा किया कि इसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी का भी जिक्र है।

**5,600 करोड़ की ड्रग्स की बरामदगी के मामले में सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और हुड्डा परिवार से जवाब मांगा**



उन्होंने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ तुषार गोयल की तस्वीरों को मीडिया को दिखाते हुए यह दावा भी किया कि जांच एजेंसियों को तुषार गोयल के मोबाइल में दीपेंद्र हुड्डा का नंबर भी मिला है। उन्होंने इस मामले में कांग्रेस से तीन सवाल पूछते हुए कहा कि देश को और हरियाणा की जनता को यह जानने का हक है कि कांग्रेस का ड्रग्स के इस मामले से क्या संबंध है। कांग्रेस पदाधिकारी के ड्रग्स तस्करी में शामिल होने से यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या इससे पहले भी इस तरह से पैसे आ चुके हैं? क्या इसके पैसे का इस्तेमाल हरियाणा के चुनाव में तो नहीं हो रहा था?

## किसानों की दो योजनाओं को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना योजना को मंजूरी दी। इन योजनाओं पर कुल 1,01,321.61 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मंत्रिमंडल के अनुसार, पीएम-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का लक्ष्य सतत कृषि को प्रोत्साहित करना है, जबकि कृषोन्नति योजना के तहत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर आत्मनिर्भरता हासिल की जाएगी। इन दोनों योजनाओं को एक अंब्रेला स्कीम के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा, जिसके तहत कृषि मंत्रालय की सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं का पुनर्गठन किया जाएगा। यह निर्णय केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए लिया गया है। इन योजनाओं का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में स्थिरता, नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाने में मदद करना है। इससे देश में खाद्य सुरक्षा भी मजबूत होगी, जिससे आने वाले वर्षों में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कई महत्वपूर्ण उपक्रम शामिल हैं, जैसे मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता को बढ़ाना, वर्षा-आधारित क्षेत्र विकास, पारंपरिक कृषि विकास योजना, फसल अवशेष प्रबंधन और प्रति बूंद अधिक फसल सहित कई अन्य कार्यक्रम।

## पारंपरिक उत्साह के साथ शुरू हुआ मैसूर का दशहरा उत्सव

एजेंसी

**मैसुरु।** मैसुरु में धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के बीच गुरूवार को 10 दिवसीय प्रसिद्ध दशहरा समारोह शुरू हुआ और प्रसिद्ध लेखक एवं विद्वान हम्पा नागराजैया ने उत्सव का उद्घाटन किया। राज्य उत्सव नाडा हब्बा के रूप में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव के इस वर्ष भव्य होने की उम्मीद है, जिसमें कर्नाटक की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के साथ राजवंशों के ठाठ और गौरव की झलक दिखाई देंगी।

दशहरा को यहां शरण नवरात्रि भी कहा जाता है। नागराजैया ने यहां चामुंडी पहाड़ियों पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मैसूरु और उसके राजघरानों की अधिष्ठात्री देवी चामुंडेश्वरी की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर शुभ वृश्चिक लग्नके दौरान उत्सव का उद्घाटन किया। उनके साथ मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्री तथा अन्य लोग भी मौजूद रहे। नागराजैया मुख्यमंत्री और अन्य व्यक्तियों के साथ चामुंडेश्वरी मंदिर भी गए और उद्घाटन से पहले नाद देवाते (राज्य देवी) की पूजा-अर्चना की।



**कर्नाटक के राजवंशों के ठाठ व गौरव की झलक दिखाई देंगी**

नवरात्रि के दौरान यहां मैसूरु के महल, प्रमुख सड़कों, मोड़ों या सर्किलों और इमारतों में दीपलंकारा होगा यानी इन्हें रोशनी से जगमग किया जाएगा। राज्य भर से 508 सहित लगभग 6,500 कलाकार करीब 11 मंचों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगे।

